Log on:
www.city24news.in
facebook pgae
facebook@city24news.in
youtube:
youtube@city24media

# City24News
शहर आपका, खबर आपकी

ऑनलाइन हिन्दी डिजिटल ई–पेपर | वर्ष 2, अंक 3 पेज 8 | बुधवार 3 जनवरी 2024 | संपर्क: 9818180269

**लागू करने से पहले ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के लोगों से करेंगे बात**

# हड़ताल खत्म, हिट एंड रन कानून अभी नहीं लागू

**केंद्रीय गृह सचिव ने ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के पदाधिकारियों के साथ बैठक की**

*सिटी24न्यूज/ब्यूरो*

नई दिल्ली। हिट एंड रन को लेकर नए कानून के खिलाफ ट्रक ड्राइवरों की हड़ताल खत्म होती दिख रही है। केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला ने मंगलवार को ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के बाद उन्होंने कहा कि नया कानून अभी लागू नहीं हुआ है। भारतीय न्याय संहिता की धारा 106/2 को लागू करने से पहले ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के लोगों से बात की जाएगी। उसके बाद ही फैसला लिया जाएगा।

सरकार ने एक सर्कुलर जारी कर सभी वाहन चालकों से अपने–अपने काम पर लौटने की अपील की है। ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस ने भी सभी ड्राइवरों से हड़ताल खत्म करने का आह्वान किया है। 'हिट–एंड–रन' मामलों के लिए नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत जेल और जुर्माने के कड़े प्रावधान के खिलाफ ट्रक, बस और टैंकर ऑपरेटरों ने सोमवार को तीन दिवसीय हड़ताल शुरू की थी। हड़ताल के मंगलवार को दूसरे दिन में प्रवेश करने के बीच उत्तर और पश्चिम भारत के करीब दो हजार पेट्रोल पंपों में ईंधन का भंडार खत्म हो गया। बीएनएस ने औपनिवेशिक युग की भारतीय दंड संहिता आईपीसी की जगह ली है। इसमें प्रावधान है कि लापरवाही से गाड़ी चलाकर गंभीर सड़क दुर्घटना का कारण बनने वाले और पुलिस या प्रशासन के किसी भी अधिकारी को सूचित किए बिना भागने वाले ड्राइवरों को 10 साल तक की सजा या सात लाख रुपये का जुर्माना हो सकता है।



***लापरवाही से गाड़ी चलाकर गंभीर दुर्घटना का कारण बनने वाले और पुलिस या प्रशासन को सूचित किए बिना भागने वाले ड्राइवरों को 10 साल तक की सजा या सात लाख का जुर्माना हो सकता है।***

## क्या थी आशंकाएं!

नए कानून के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे और सड़कों से दूर रहने वाले कुछ ट्रक चालकों की आशंकाओं को गलत बताकर खारिज करते हुए पदाधिकारी ने कहा कि हिट–एंड–रन मामलों का प्रावधान केवल उन वाहन चालकों पर लागू होगा, जो पुलिस को बिना बताए भागने की कोशिश करेंगे। अधिकारी ने कहा दुर्घटना की सूचना पुलिस को देने वाले चालक पर कड़े कानून के तहत कार्रवाई नहीं की जाएगी। यदि वाहन चालक को डर है कि दुर्घटना स्थल पर रुकने पर उस पर हमला किया जाएगा, तो वह निकटतम पुलिस थाने जा सकता है या पुलिस या टोल फ्री आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 108 पर कॉल कर सकता है और दुर्घटना के बारे में सूचित कर सकता है।

**सही समय पर लिया जाएगा फैसला: मंदिर ट्रस्ट**

# रामलला प्रतिमा पर अभी नहीं हुआ निर्णय

***2019 में सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले के बाद शुरू हुआ***

*सिटी24न्यूज/ब्यूरो*

अयोध्या। भाजपा के नेता एवं कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बी एस येदियुरप्पा ने सोमवार को राज्य के मूर्तिकार अरुण योगीराज को बधाई दी थी। उन्होंने कहा था कि उनके द्वारा बनाई गई प्रतिमा को अयोध्या के नए मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के लिए चुना गया है। हालांकि, मंदिर का निर्माण करा रहे राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने अपने फैसले की घोषणा नहीं की है। वहीं, अब राम मंदिर ट्रस्ट ने अभी तक इस पर कोई निर्णय नहीं लेने की बात कही है।

### संतों के परामर्श से लिया जाएगा निर्णय

ट्रस्ट पदाधिकारियों ने कहा कि ट्रस्ट द्वारा निर्णय शंकराचार्य विजयेंद्र सरस्वती और अन्य संतों के परामर्श से लिया जाएगा। ट्रस्ट के कार्यालय प्रभारी प्रकाश गुप्ता ने बताया कि ट्रस्ट का जो भी निर्णय होगा, उसे उचित समय पर सार्वजनिक किया जाएगा। चयनित प्रतिमा को गर्भगृह में स्थापित किया जाएगा और 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में एक समारोह में उसकी प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। मंदिर के निर्माण का पहला चरण अब पूरा हो गया है।

### पुरानी प्रतिमा को उत्सवों के लिए परिसर में रखा जाएगा

वर्ष 1949 से श्रद्धालु रामलला की प्रतिमा वाले अस्थायी मंदिर में पूजा–अर्चना करते रहे हैं। इस मंदिर को भी मंदिर निर्माण के लिए स्थानांतरित कर दिया गया था, जो 2019 में सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले के बाद शुरू हुआ। शीर्ष अदालत ने अयोध्या में मंदिर–मस्जिद विवाद का निपटारा किया था। अब ट्रस्ट के पदाधिकारियों का कहना है कि पुरानी प्रतिमा को उत्सवों के लिए परिसर में रखा जाएगा।

### तीन मूर्तिकारों ने प्रतिमा बनाई है

तीन मूर्तिकारों ने अलग–अलग पत्थरों से भगवान की प्रतिमाएं तराशी गई हैं। इन प्रतिमाओं को जयपुर के मूर्तिकार सत्यनारायण पांडेय और कर्नाटक के गणेश भट्ट और अरुण योगीराज ने तराशा है। ट्रस्ट के प्राधिकारियों के मुताबिक, गर्भगृह के लिए प्रतिमा का चयन करते समय उसकी चमक लंबे समय तक टिके रहने जैसे पहलुओं पर एक तकनीकी रिपोर्ट को भी ध्यान में रखा जाएगा।

***ट्रस्ट पदाधिकारियों ने कहा कि ट्रस्ट द्वारा निर्णय शंकराचार्य विजयेंद्र सरस्वती और अन्य संतों के परामर्श से लिया जाएगा।***

***प्रतिमा का चयन करते समय उसकी चमक लंबे समय तक टिके रहने जैसे पहलुओं पर एक तकनीकी रिपोर्ट को भी ध्यान में रखा जाएगा।***



# "हिट एंड रन" तब और अब ! क्या था और क्या हुआ

*सिटी24न्यूज/ब्यूरो*



नई दिल्ली। केंद्र सरकार के नए हिट एंड रन कानून पर देशभर में बवाल खड़ा हो गया है। हाल ही में कानून में किए गए संशोधन का देशभर में चक्काजाम कर विरोध हो रहा है। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र समेत कई प्रदेशों में ट्रक ड्राइवरों की हड़ताल के चलते हाहाकार मचा हुआ है। पेट्रोल पंपों पर लंबी–लंबी कतारें लगी हुई हैं। सबसे ज्यादा असर मध्य प्रदेश में देखा जा रहा है।

### पहले हिट एंड रन का कानून क्या था?

भारत में हिट एंड रन के मामले भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के तहत विशेष रूप से दंडनीय नहीं हैं। हालांकि, जब हिट एंड रन मामले का सवाल उठता है तो धारा 279, 304ए और 338 सामने आती हैं।

1. धारा 279 लापरवाह ड्राइविंग की परिभाषा और सजा का प्रावधान करती है। इसमें कहा गया है कि जो कोई भी किसी भी सार्वजनिक स्थान पर इतनी तेजी से या लापरवाही से वाहन चलाता है कि इससे मानव जीवन को खतरा होता है, या किसी अन्य व्यक्ति को चोट या चोट लगने की आशंका होती है, तो उसे कारावास से दंडित किया जाएगा, जिसे छह महीने तक बढ़ाया जा सकता है या जुर्माना लगाया जा सकता है या 2. एक हजार रुपए या दोनों तक बढ़ाया जा सकता है।

धारा 304ए में लापरवाही से मौत के लिए सजा का प्रावधान है। यह आईपीसी के तहत एक विशेष प्रावधान है और यह धारा सीधे हिट एंड रन मामलों पर लागू होती है जिसके चलते पीड़ितों की मृत्यु हो जाती है। इसमें कहा गया है कि जो कोई भी लापरवाही से किए गए किसी ऐसे कार्य से किसी व्यक्ति की मृत्यु का कारण बनता है जो गैर इरादतन हत्या की श्रेणी में नहीं आता है, तो उसे दो साल तक की कैद या जुर्माना या दोनों से दंडित किया जाएगा।

3. धारा 338 उस स्थिति में सजा का प्रावधान करती है जब पीड़ित की मृत्यु नहीं हुई हो लेकिन वह गंभीर रूप से घायल हो। इसमें कहा गया है कि जो कोई भी जल्दबाजी या लापरवाही से काम करके किसी व्यक्ति को गंभीर चोट पहुंचाएगा, उसे 2 साल तक की कैद या जुर्माना या दोनों से दंडित किया जाएगा।

### अब नया नियम क्या आया है?

जिस नियम को लेकर देशभर में बवाल मचा हुआ है वह हाल ही में संसद से पारित तीन नए कानून का हिस्सा है। दरअसल, आईपीसी की जगह लेने वाली भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 104 में हिट एन्ड रन का जिक्र किया गया है। यह धारा लापरवाही से मौत का कारण के लिए दंडात्मक कार्रवाई का प्रावधान करती है।

### हिट एन्ड रन होता क्या है?

"हिट एंड रन" के मामले सड़क दुर्घटना से जुड़े होते हैं। "हिट एंड रन" का मतलब है तेज और लापरवाही से गाड़ी चलाने के चलते किसी व्यक्ति या संपत्ति को नुकसान पहुंचाना और फिर भाग जाना। ऐसे में सबूतों और प्रत्यक्षदर्शियों के अभाव के कारण दोषियों को पकड़ना और सजा देना बहुत मुश्किल हो जाता है।

### क्या है "हिट एंड रन" कानून?

"हिट एंड रन" के केस में गलत ड्राइविंग या लापरवाही के चलते किसी व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है और ड्राइवर बिना पुलिस को सूचना दिए मौके से फरार हो जाता है, तो उसे 10 साल तक की सजा हो सकती है। इसके अलावा 7 लाख रुपये तक का जुर्माना भी लग सकता है।

***सड़क परिवहन मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, यह चौंकाने वाली बात है कि देश में सड़क दुर्घटनाओं में हिट–एंड–रन के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। 2020 में कुल 52,448 हिट एन्ड रन के मामले सामने आए जिसमें 23,159 लोगों की जान चली गई।***

### तो नए नियम की जरूरत क्यों पड़ी

सड़क परिवहन मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, यह चौंकाने वाली बात है कि देश में सड़क दुर्घटनाओं में हिट–एंड–रन के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। 2020 में कुल 52,448 हिट एन्ड रन के मामले सामने आए जिसमें 23,159 लोगों की जान चली गई। वहीं, 2021 में यह आंकड़ा बढ़ा और इस साल ऐसी 57,415 घटनाएं हुईं जिनमें 25,938 लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा।

फिलहाल हिट एंड रन के मामलों में सबसे बड़ा मुद्दा यह है कि अपराध स्थल पर अपराधी के खिलाफ किसी भी प्रत्यक्ष सबूत का अभाव होता है। इस वजह से पुलिस अधिकारियों के लिए जांच को आगे बढ़ाना और अपराधी को ढूंढना बेहद मुश्किल हो जाता है। इनमें से ज्यादातर अपराधी भाग जाते हैं और शायद ही कभी पकड़ा जाते हों।

# ईडी के सामने आज भी पेश नहीं होंगे मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल

*सिटी24न्यूज/ब्यूरो*

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शराब नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में केजरीवाल को पूछताछ के लिए आज फिर बुलाया था। लेकिन अरविंद केजरीवाल इस बार भी ईडी के सामने पेश नहीं होंगे। ईडी के तीसरे समन का जवाब देते हुए अरविंद केजरीवाल ने ईडी को पत्र लिखा। उन्होंने पत्र लिखकर बताया कि आज वो ईडी के दफ्तर नहीं जाएंगे। ईडी के समन पर आम आदमी पार्टी का कहना है कि अरविंद केजरीवाल ईडी की जांच में सहयोग करने को तैयार हैं लेकिन एजेंसी का नोटिस अवैध है। उनका इरादा अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करना है। आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को हाल में ईडी ने तीसरा समन भेजा था। तीसरे समन में सीएम को बुधवार यानी आज पेश होने के लिए कहा गया है। इसके पहले वह दो बार ईडी के सामने पेश होने से इनकार कर चुके हैं। क्या पहले की तरह इस बार भी केजरीवाल ईडी के सामने पेश नहीं होंगे? इस पर आम आदमी पार्टी (।।च) ने अपना रुख साफ किया है। पार्टी ने ये तो नहीं बताया कि आज केजरीवाल पेश होंगे या नहीं। लेकिन, यह जरूर कहा कि वह कानून के अनुसार कदम उठाएंगे।



आम आदमी पार्टी की मुख्य राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने मंगलवार को कहा था कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से जारी समन पर पार्टी कानून के मुताबिक कदम उठाएगी। ईडी ने शराब नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में केजरीवाल को पूछताछ के लिए तीन जनवरी को बुलाया है। संवाददाता सम्मेलन में कक्कड़ से पूछा गया था कि क्या केजरीवाल पूछताछ के लिए ईडी के सामने पेश होंगे। इस पर उन्होंने कहा, 'इस सवाल का जवाब हमारी कानूनी टीम ही बेहतर दे सकेगी। हम कानून के अनुसार काम करेंगे।' आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को ईडी की ओर से यह तीसरा नोटिस है। इससे पहले दो नवंबर और 21 दिसंबर को भी समन जारी किए गए थे, लेकिन केजरीवाल ने पेश होने से इनकार कर दिया था। केजरीवाल ने ईडी के पहले के समन को 'अवैध' और 'राजनीति से प्रेरित' बताया था।

## सरकारी जनहितकारी योजनाओं का पूरा लाभ उठाएं जनमानस

# अंतिम व्यक्ति को मुख्यधारा से जोडक़र जीवन सुलभ बनाना विकसित भारत संकल्प यात्रा का प्रथम उद्देश्य

**संकल्प यात्रा के गांवों में पहुंचने पर ग्रामीणों ने किया जोरदार स्वागत, योजनाओं की ली जानकारी**



सिटी24न्यूज/ऋषि भारद्वाज

होडल। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा प्रदेश के ओजस्वी मुख्यमंत्री मनोहर लाल का मिशन है कि सरकार की योजनाओं को घर–घर पहुंचाएं। लोगों को जागरूक कर सरकारी योजनाओं की जानकारी देवें। इस कार्य को पूरा करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा चलाई गई है। इन संकल्प यात्राओं में विभागीय अधिकारी लोगों को सरकार की तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं और मौके पर ही संभवतः कार्यों को पूरा कर रहे हैं। विधायक जगदीश नायर सोमवार को होडल खंड के गांव डाढका में संकल्प यात्रा के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। विधायक ने कहा कि योजना का लाभ लेने के लिए व्यक्ति को उस संबंधित योजना का ज्ञान होना जरूरी है। इन संकल्प यात्राओं में संबंधित विभाग के अधिकारी बैंक ऋण, पशुपालन हेतु ऋण, कृषि विभाग संबंधी योजनाओं का पूरा ज्ञान लोगों को दे रहे हैं।

हरियाणा भूमि सुधार एवं विकास निगम के चेयरमैन एवं होडल के विधायक जगदीश नायर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कृषकों के कल्याण के लिए किसान सम्मान निधि योजना चलाई, जिसके तहत किसान को 6 हजार रुपए सालाना सहायता राशि के रूप में दिए जाते हैं। इस धनराशि से किसान को खेत के लिए खाद–बीज की खरीद करने में सहायता मिलती है। सरकार की ऐसी विभिन्न योजनाएं है, जिन पर 60 से 70 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाता है। लोगों को चाहिए कि वे सरकार द्वारा उनके लिए बनाई गई इन जनहितकारी योजनाओं का पूरा लाभ उठाएं। केंद्र व प्रदेश सरकार लोगों का जीवनस्तर उठाने के लिए, गरीब परिवारों की आमदनी बढाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। किसान, मजदूर व व्यापारी वर्ग की आमदनी बढाने के लिए सरकार कार्य कर रही है। अंतिम व्यक्ति को समाज की मुख्यधारा से जोडक़र उनका जीवन सुलभ बनाना विकसित भारत संकल्प यात्रा का प्रथम उद्देश्य है। विकसति भारत संकल्प यात्रा का यही लक्ष्य है कि वर्ष 2047 में भारत पूरी तरह सम्पन्न, आत्मनिर्भर व विकसित होगा, जहां कोई गरीब नहीं रहेगा, सभी व्यक्तियों की आय अच्छी होगी। प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने व्यवस्था परिवर्तन लाने का कार्य किया है। सरकारी नौकरियों में पारदर्शिता लाई गई है। आज योग्यता के आधार पर युवाओं को सरकारी नौकरी मिल रही है। विधायक जगदीश नायर ने इसके पश्चात गांव लोहिना में भी बतौर मुख्यातिथि रथ यात्रा का स्वागत किया।

इसी प्रकार बडौली खंड के गांव माला सिंह फार्म, सुनहरी नगला और हसनपुर खंड के गांव रायदासका व बमारियाका में विधायक दीपक मंगला ने संकल्प यात्रा का स्वागत कर बतौर मुख्य अतिथि अपना संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि व्यक्ति सरकार की योजनाओं से वंचित नहीं रहेगा। लोगों को सरकारी योजनाओं से जोडक़र लाभ प्रदान करना सरकार का कर्तव्य है, जिसे पूर्ण करने हेतु रथ यात्रा चलाई गई है। उन्होंने आह्‌वङ्खान किया है कि वे इन रथ यात्राओं में पहुंचकर अवश्य लाभ उठाएं।

## गुम हुए मोबाइलों को साइबर सेल टीम के सहयोग से खोजकर लोगों को सौंपे

**नववर्ष पर जिला पुलिस अधीक्षक डॉ अंशु सिंगला ने लोगों को दिया तोहफा**



सिटी24न्यूज/ऋषि भारद्वाज

पलवल। जिला पुलिस अधीक्षक डॉ अंशु सिंगला के मार्गदर्शन में जिले की साइबर सेल टीम जहां अपराध व अपराधियों पर शिकंजा कसने में अहम भूमिका निभा रही है वहीं जिला की साइबर सेल पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण सुराग जूटा कर माह दिसंबर,2023 मे लोगों के गुम हुए 418333 रुपए कीमत के 25 मोबाइल फोन को ढूंढ कर सराहनीय कार्य किया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में खोजे गए मोबाइल फोनों के मालिकों को कार्यालय में बुलाकर एसपी डॉ अंशु सिंगला द्वारा मोबाइल फोन सौंपे गये। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने पुलिस का आभार जताया। वहीं मोबाइल फोन ढूंढने में अहम भूमिका निभाने वाली साइबर सेल की टीम की प्रशंसा की। आपको बता दें की जिला साइबर सेल ने वर्ष 2023 मे 45 लाख रुपए से अधिक की कीमत के गुम 266 मोबाइल ट्रेस करने में सफलता हासिल की है।

एसपी डॉ अंशु सिंगला, आईपीएस ने कहा कि पलवल की साइबर सैल का यह एक सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि जहां मोबाइल फोन मालिकों को उनके मोबाइल फोन मिलने की खुशी है वहीं उनके मोबाइल फोन अपराधी किस्म के लोगों के हत्थे चढ़ने से भी बचे हैं। उन्होंने कहा कि साइबर पुलिस लगातार गुमशुदा मोबाइल्स की मॉनिटरिंग करती है इसी के परिणाम स्वरुप ही 6 महीने पहले खोया हुआ मोबाइल भी पुलिस टीम द्वारा बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने आमजन से भी आह्वान किया कि वे अपने मोबाइल फोन को पूरी तरह सुरक्षित रखें और किसी अनजान व्यक्ति को ना सौंपे ताकि अपराधी किस्म के लोग उनका फायदा न उठा पाए।

## नव वर्ष के उपलक्ष में निशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



सिटी24न्यूज/ऋषि भारद्वाज

पलवल। ग्राम पंचायत ततारपुर एवं गेल इंडिया लिमिटेड के तत्वावधान में नववर्ष के उपलक्ष्य में सोमवार निशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। महावीर इंटरनेशनल दिल्ली के सहयोग से आयोजित शिविर में 375 मरीजों की निशुल्क जांच कर दवाइयां व चश्में वितरित किए गए। इस दौरान कुछ मरीजों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चुना गया। शिविर की अध्यक्षता सरपंच सुरेंद्र शर्मा ने की।

शिविर प्रभारी अमित के नेतृत्व में सामान्य रोग विशेषज्ञ डॉ.अलपेश व नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.गरिमा ने मरीजों की जांच की। उन्होंने मरीजों को स्वस्थ रहने की टिप्स भी दिए। मरीजों को बताया गया कि नियमित योग करने से व्यक्ति स्वस्थ रहता है। सर्दी के मौसम में सावधानी बरतें और फास्ट फूड का प्रयोग न करें। हमेशा पौष्टिक भोजन ग्रहण करें। डॉ.गरिमा ने बताया कि प्रदूषण के कारण आंखों में एलर्जी होना आम बात है। इस समय केवल चिकित्सक के बताए अनुसार ही आंख दवा डाले। शिविर में मधुमेह, ब्लड प्रेशर सहित अन्य जांच भी की गई।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा से समाज के अंतिम व्यक्ति तक मिल रहा है लाभः दीपक मंगला

## मौके पर ही लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका निपटान किया जा रहा है

सिटी24न्यूज/ऋषि भारद्वाज



**विधायक दीपक मंगला ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में राज्य सरकार ने व्यवस्था में बदलाव करके पात्र लोगों में परिवारों को सरकार की योजनाओं का लाभ उनके घर द्वार पर उपलब्ध करवाया है।**

पलवल। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गांव माला सिंह फार्म हाउस मर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिनमें मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक दीपक मंगला ने शिरकत की। इस अवसर पर विधायक दीपक मंगला ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व राज्य के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने देश–प्रदेश में अंत्योदय व गरीब के कल्याण व उसके उत्थान से संबंधित योजनाएं चलाकर गरीबों को समाज की मुख्यधारा से जोडने का कार्य किया है। उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान विभिन्न स्टॉल व प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा आत्मनिर्भर व विक. सित भारत का संकल्प दिलाया। पलवल विधायक दीपक मंगला ने कहा कि आज विकसित भारत जन संकल्प यात्रा पलवल के गांव माला सिंह फॉर्म में पहुंची है। जहां पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया है। भारत की आजादी के 100 वर्ष पूरे होने पर वर्ष 2047 में देश आत्म. निर्भर और विकसित राष्ट्र होने का गौरव प्राप्त करेगा। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को भारत को आत्मनिभ. ्रर और विकसित राष्ट्र बनाने का विजन दिया है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत मौके पर ही लोगों की समस्याओं को सुनकर विभागीय अधिकारियों द्वारा उनका निपटान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में राज्य सरकार ने व्यवस्था में बदलाव करके पात्र लोगों में परिवारों को सरकार की योजनाओं का लाभ उनके घर द्वार पर उपलब्ध करवाया है। परिवार पहचान पत्र के माध्यम से घर बैठे लोगों को सरकार की सभी योजनाओ व सेवाओं का लाभ ऑनलाइन माध्यम से मिल रहा है। व्यवस्था परिवर्तन के चलते अब लोगों को सरकारी कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे हैं। इन कार्यक्रमों में विभिन्न विभ. ागों द्वारा अपने–अपने स्टाल लगाकर लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर पात्र व्यक्तियों को लाभ प्रदान किया। रथ यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की पात्र महिलाओं को एलपीजी गैस कनेक्शन भेंट किए गए हैं। इसके अलावा उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्कूली बच्चों, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं, लोकल कला. कारों व खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र देकर भी सम्मानित किया है।

## नव वर्ष के उपलक्ष में भंडारे का आयोजन और देशभगती रागनियों का भी किया गया आयोजन

सिटी24न्यूज/ऋषि भारद्वाज



पलवल। नववर्ष के उपलक्ष्य में सोमवार को सद्भावना, जल एवं पर्यावरण सुरक्षा सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में लोक गायक देवी सिंह तवंर, मनोज वर्मा व प्रतीक्षा तंवर ने रागनियों के माध्यम से लोगों को पर्यावरण सरंक्षण के लिए प्रेरित किया। इस दौरान भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें दीघोट, मीतरोल, औरंगाबाद, रूंधि, लाडियाका, रायदासका, बामनीखेड़ा व खिरबी के ग्रामीण ों ने हिस्सा लिया। सम्मेलन की अध्यक्षता प्रवीण कुमार ने की, जबकि संचालन कृषि विशेषज्ञ डॉ. महावीर सिंह मलिक व तुहीराम ने किया।

सम्मेलन में आए वक्ताओं ने आपसी भाईचारा बढ़ाने, सामाजिक कुरीतियों को दूर करने, बुजुर्गों की सेवा करने, स्वच्छता व पानी बचाने, पर्यावरण सुरक्षा के लिए अधिक पौधे लगाने, युवाओं को धूम्रपान तथा मादक पदार्थों से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। किसानों एवं पशुपालकों को गोबर को सड़क पर न डालकर कंपोस्ट खाद बनाकर जैविक खेती करने की बात कही। डॉ.मलिक ने कहा कि अगर दुनिया को बचाना है तो पर्यावरण की सुरक्षा करनी होगी।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष चरण सिंह तेवतिया, हरेंद्रपाल, सरजीत खटाना, राजू सरपंच भुलवाना, देशराज चौहान, सरपंच ललित कुमार, ब्रजपाल, करतार, देव थानेदार, तुहीराम, धर्म, रणबीर फौजी, विजन, सुखबीर फौजी, टेकी, मुरारी, गोपाल, सुरेंद्र, जुग मौजूद रहे।

## जिला कारागार में विचाराधीन बन्दियों ने लिया जीवन में सकारात्मकता का संकल्प




सिटी24न्यूज/ऋषि भारद्वाज

पलवल। जिला कारागार में नववर्ष के प्रथम दिवस के अवसर पर परिरुद्ध बंदियों और कारागर कर्मचारियों के लिए जागरुकता कैंप आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संयोजन जेल अधीक्षक डा. संजय सिंह, पलवल डोनर्स क्लब के मुख्य संयोजक आर्यवीर लायन विकास मित्तल और सह संयोजक अल्पना मित्तल ने किया।

कार्यक्रम में जेल अधीक्षक ने उपस्थिति को सत्य मार्ग पर चलकर जीवन जीने की कला के बारे में जागरुक किया।

मनुष्य को कोशिश करने वालो की कभी हार नही होती के सिद्धांत के साथ आगे बढना चाहिए।

जिस प्रकार बहुप्रसिद्ध डाकू अंगुलिमाल और वाल्मिकी ने गलत रास्ता छोडक़र नेकी और सच्चाई का रास्ता अपनाया ठीक उसी प्रकार हम सभी को बुराई का रास्ता छोडक़र सच्चाई का रास्ता अपनाना चाहिए। अध्यात्म की शक्ति से ही हृदय परिवर्तन होता है। जब हृदय परिवर्तन होगा तभी समाज, प्रदेश और राष्ट्र के अंदर परिवर्तन आएगा। युग परिवर्तन तभी होगा जब व्यक्ति का हृदय परिवर्तित होगा।

उप जेल अधीक्षक नरेश गोयल ने सभी का धन्यवाद करने के साथ साथ सभी से सत्य मार्ग पर चलने का आह्‌वङ्खान किया। इस अवसर पर वरिष्ठ फार्मासिस्ट विजय कालरा, हैड वार्डर शीश राम, परमिन्द्र त्यागी, वार्डर सुनील आदि उपस्थित थे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा देश के कोने–कोने जाकर बना रही है अपना वर्चस्व: कृष्णपाल गुर्जर

## संकल्प यात्रा 25 जनवरी तक देश के हर गांव, कस्बे, नगर व शहर को करेगी कवर

*–हर एक पात्र व्यक्ति को योजनाओं से अवगत करवाकर लाभ देना रथ यात्रा का सर्वप्रथम कार्य*

*–ग्रामवासियों की संकल्प शपथ से गुंजायमान हुआ सभास्थल*



*सिटी24न्यूज/ऋषि भारद्वाज*

पलवल। हम शपथ लेते हैं कि भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित बनाने राष्ट्र्र बनाने के लिए सपने को साकार करेंगे, गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड फैंकेंगे। देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करेंगे, भारत की एकता को सुदृढ करेंगे और देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करेंगे। हम सब भारत के नागरिक होने का कर्तव्य निभाएंगे। बडौली खंड का खादर क्षेत्र उस समय इन शब्दों से गुंजायमान हो उठा, जब गांव भूड खेडली में विकसित भारत संकल्प यात्रा की शपथ दिलाई गई। यह संकल्प शपथ केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने गांव भूड खेडली व जैबाबाद खेडली के ग्रामीणों को एकजुट होकर दिलाया। इस अवसर पर उनके साथ भाजपा जिलाध्यक्ष चरण सिंह तेवतिया, हरियाणा पब्लिक सर्विस कमीशन के पूर्व सदस्य एवं भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य डा. हरेंद्रपाल राणा, मुकेश सिंगला, संकल्प यात्रा के संयोजक यशपाल मावई, राजीव कत्याल भी मौजूद रहे।

केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने बतौर मुख्य अतिथि इस रथ यात्रा का स्वागत किया और लोगों को अपना संदेश देते हुए कहा कि भारत के ओजस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गत 15 नवंबर 2023 को झारखंड के खूटी नगर से विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरूआत की थी, जोकि आज पूरे देश में अपना वर्चस्व बना रही है और 25 जनवरी 2024 तक देश के हरेक नगर, शहर, कस्बे व प्रत्येक गांव को कवर करेगी। देश के कोने–कोने में बसे ग्रामीण व शहरी इलाकों से यह रथ यात्रा निरंतर गुजरते हुए लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, सेवाओं व नीतियों के बारे में जागरूक करती हुई आगे बढ रही है। इस संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य यही है कि देश में ऐसा कोई भी व्यक्ति न रहे जो सरकार की योजनाओं का पात्र हो और उसे योजनाओं का लाभ न दिया गया हो।

केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि मोदी की गारंटी वाली गाड़ी को लोगों के बीच पहुंचाने का मकसद यही है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की समस्त जन के कल्याणार्थ के लिए बनाई गई योजनाओं की जानकारी हर एक व्यक्ति तक पहुंचे, लोगों इन योजनाओं से जागरूक हों और पात्र परिवार उनका लाभ उठाएं। केंद्र व प्रदेश की ऐसी बहुत योजनाएं है, जिनसे अभी तक लोग अवगत नहीं है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि वे इस विकसित भारत संकल्प यात्रा में विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों पर जाकर योजनाओं की पूर्ण जानकारी लें और पात्रता पूरी होने पर लाभ उठाएं। इसके अलावा इस दौरान दस्तावेजों को दुरूस्त कराने का कार्य भी जिला प्रशासन की ओर से स्टॉल लगाकर किया जा रहा है। गांव के बुजुर्ग व बीमार व्यक्ति स्वास्थ्य विभाग की ओर से लगाए गए स्टॉल पर अपने स्वास्थ्य की जांच करवाकर लाभ उठाएं। रथ यात्रा के नोडल अधिकारी की देखरेख में परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड, पशु क्रेडिट कार्ड, आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे है।

कार्यक्रम में पहुंचने पर ग्रामवासियों ने मुख्य अतिथि कृष्णपाल गुर्जर सहित अन्य गणमान्य अतिथियों का फूलमालाएं पहनाकर व पगडी बांधकर परंपरागत तरीके से स्वागत अभिवादन किया। ग्राम पंचायत भूड खेडली व जैबाबाद खेडली ने संबंधित ग्राम पंचायतों के विकास संबंधी कार्यों के मांग पत्र भी मुख्य अतिथि के समक्ष रखे, जिन्हें जल्द ही पूर्ण करवाने का आश्वासन केंद्रीय राज्यमंत्री ने ग्राम पंचायतों को दिया।

इस अवसर पर एसडीएम रणवीर सिंह, कृषि उपनिदेशक डा. बाबूलाल, डीडीपीओ उपमा अरोड़ा, बीडीपीओ प्रवीण कुमार, विनोद भाटी, अनिल सरपंच, हुक्मा, सुरेंद्र त्यागी, रामकिशन मनोहर, मुरली, मोतीराम, देशराज, रोहताश भाटी, रघुराज सहित आस–पास के गांवों के पंच–सरपंच, महिलाएं, बुजुर्ग व गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## ओमेक्स स्पा विलेज, ग्रेटर फरीदाबाद की आद्विका ने राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप 2023 में जीते दो गोल्ड




*सिटी24न्यूज/ब्यूरो*

फरीदाबाद। फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया और राष्ट्रीय कराटे संघ द्वारा तालकटोरा स्टेडियम दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप 2023 में ग्रेटर फरीदाबाद की ओमक्स स्पा विलेज सोसायटी में रहने वाली 8 वर्षीय आद्विका ने 8.10 वर्ष आयु वर्ग में पारंपरिक कराटे और गैर–संपर्क कराटे प्रतियोगिताओं में दो गोल्ड मेडल जीते।

इस शानदार उपलब्धि को प्राप्त करने पर आद्विका के माता–पिता श्रीमती गरिमा सक्सेना व आकाश सक्सेना गर्वित महसूस कर रहे हैं और उन्होंने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए आद्विका के प्रशिक्षक धर्मेन्द्र के योगदान को अहम बताते हुए उनके मार्गदर्शन व प्रयासों के लिए प्रशंसा की।

ओमक्स स्पा विलेज आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष हेमंत राणा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश आहूजा, महासचिव एस एस नरूला, कोषाध्यक्ष राजेंद्र सिंह अत्री, सह सचिव मयंक शर्मा, अंतुल कुमार, अभिषेक पांडे, संजय झा, आशीष दीक्षित, योगेश धारीवाल, योगेश शर्मा, कोमेश सिंह, सूरज मेनन, अंकित बाटला सहित सोसाइटी के सभी गणमान्य व्यक्तियों ने आद्विका व उनके परिवार को इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के बधाई दी व हौसला बढ़ाया। सोसाइटी के सभी लोगों ने आद्विका को उसके साहसए लगन और अथक प्रयासों के लिए सराहा और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## घोड़ी गांव में महिला कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन



*सिटी24न्यूज/ऋषि भारद्वाज*

पलवल। जिले के गांव घोड़ी में महिला कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश और दूसरे राज्यों की आठ महिला कबड्डी टीमों ने हिस्सा लिया। इस मुख्य मौके पर बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे कांग्रेस नेता मनधीर सिंह मान ने कहा कि कोई भी खेल हो, उसे खेल की भावना से खेलना चाहिए। प्रतियोगिताओं में हार जीत लगी रहती है। उन्होंने कहा कि हरियाणा खेलों में नंबर वन पर है। यहां से हर क्षेत्र में खिलाड़ी निकलते हैं। महिला खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए उन्होंने कहा कि खेलों से शरीर भी स्वस्थ रहता है।

महिला कबड्डी प्रतियोगिता के दौरान पहले नंबर पर जींद की टीम रही जबकि दूसरे पर गांव घोड़ी और तीसरे नंबर पर फरीदाबाद के गांव खेड़ी की टीम रही। इस प्रतियोगिता में आठ टीमों ने हिस्सा लिया।

## रथ यात्राओं में दिलाई जा रही शपथ का महत्व समझकर अनुसरण करें लोग

# 2047 तक पूर्ण रूप से विकसित और आत्मनिर्भर बनाना विकसित भारत संकल्प यात्रा का लक्ष्य

*सिटी24न्यूज/ऋषि भारद्वाज*



होडल। भारत वर्ष को आगामी साल 2047 तक पूर्ण रूप से विकसित और आत्मनिर्भर बनाना विकसित भारत संकल्प यात्रा का लक्ष्य है। यह तभी संभव हो पाएगा जब देश का हर एक नागरिक अपने देश को विकसित और आत्मनिर्भर बनाने के लिए दिलाई गई शपथ के महत्व को समझे और उसका अनुसरण करें। इसके साथ–साथ भारत के हर एक पात्र व्यक्ति को सरकारी योजनाओं से जोड़ा जाए और उसे सरकार की सेवाओं–सुविधाओं, नीतियों व योजनाओं का लाभ मिले। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने जन समस्याओं का समाधान मौके पर ही करने के लिए लोगों के बीच गांव–गांव अधिकारियों को भेजा जा रहा है, जो आमजन मानस की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान करने में जुटे हैं। इसी क्रम में होडल खंड के गांव सेवली में सरपंच कुलदीप तथा बंचारी में सरपंच सीताराम ने रथ यात्रा के कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उल्लेखनीय है कि इन कार्यक्रमों में विभाग अपने–अपने स्टॉल लगाकर लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं और पात्र व्यक्तियों को लाभ पहुंचाना सुनिश्चित कर रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर परामर्श व दवा दी जा रही है। अभी तक योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रहे पात्र व्यक्तियों को मौके पर संबंधित विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है। वैन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल का संदेश भी लोगों को सुनाया जा रहा है। रथ यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की पात्र महिलाओं को एलपीजी गैस कनैक्शन भेंट किए जा रहे हैं। कार्यक्रमों के मुख्य अतिथियों ने ग्रामीण ों को विकसित व आत्मनिर्भर भारत का संकल्प दिलवाया तथा विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का अवलोकन किया और उत्कृष्ट्ड कार्य करने वाले स्कूली बच्चों, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं, लोक कलाकारों व खिलाडियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया।

इस अवसर पर पेंगलतू के सरपंच सुशील कुमार सहित संबंधित स्टॉल पर विभागीय अधिकारी, गांव की महिलाएं, बुजुर्ग, युवा मौजूद रहे।

## नव वर्ष के अपलक्ष्य में प्रशासन एवं नागरिक मिलन समारोह का आयोजन

*सिटी24न्यूज/ऋषि भारद्वाज*



एसडीएम रणवीर सिंह को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते संस्था के पदाधिकारी

होडल। नव वर्ष के उपलक्ष्य में अभिनंदन वैंकेट हाल में रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन बल्लभकुंज एवं होडल प्रेस कल्ब के संयुक्त तत्तवावधान में प्रशासन और नागरिक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें एस.डी.एम. रणवीर सिंह लोहान मुख्यअतिथि तथा डीएसपी सज्जन सिंह, बिजली विभाग के एसडीओ सुरेंद्र मेहरा, नगर परिषद के एसडीओ डी.के. सोलंकी, तहसीलदार संजीव नागर विशिष्ठ अतिथि के रूप में मौजूद रहे। आयोजित समारोह की अध्यक्ष आरडबल्यूए के प्रधान रमनालाल पंखीया ने की तथा संचालन विष्णु गौड ने किया। इस अवसर पर चमेलीवन धाम मंदिर के मुख्य सेवादार घनश्याम वशिष्ठ व उनकी टीम द्वारा धार्मिक भजन प्रस्तुत किए गए। समारोह में पहुंचे मुख्यअतिथि रणवीर सिंह लोहान व अन्य अतिथियों का संस्था के महासचिव मधुसूदन भारद्वाज, रमनलाल,उदयभान,मदनमोहन गर्ग, प्रकाशचन्द गुप्ता, हुकम बंसल, डा. अनिल कुमार, प्रभू डेरी, मा.ठाकुरलाल, सूरजभान तिवारी, अधिवक्ता धर्मेंद्र चौहान, गजराज,कुलवंत सिंह,हरवीर सिंह, जोगेंद्र पंखीया आदि द्वारा चंदन का टीका व पटका पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्यअतिथि रणवीर सिंह ने कहा कि बृज क्षेत्र में नव वर्ष पर इस प्रकार का धार्मिक आयोजन बहुत सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि बृज क्षेत्र में जन्म लेने वाला प्रत्येक व्यक्ति भागयशाली होता है। उन्होंने संस्था द्वारा कालोनी में कराए गए कार्यों की सराहना की और आगे भी विकास कार्यों में प्रशासन की ओर से सहयोग देने का आश्वासन दिया। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों को नव वर्ष की बधाई दी। मुख्यअतिथि के अलावा अन्य

> ***मुख्यअतिथि रणवीर सिंह ने कहा कि बृज क्षेत्र में नव वर्ष पर इस प्रकार का धार्मिक आयोजन बहुत सराहनीय कार्य है।***

## कर्मचारियों ने जब पीएफ मांगा तो नौकरी से निकाला



*सिटी24न्यूज/ऋषि भारद्वाज*

होडल। हसनपुर स्थित मां ओमबती कालेज में कार्यरत कर्मचारियों ने जब कालेज के चेयरमैन से पीएफ काटे जाने की मांग की तो कालेज द्वारा उन्हें नौकरी से ही निकाल दिया गया। पीडित कर्मचारियों ने मामले की शिकायत एसडीएम रणवीर सिंह के अलावा जिला उपायुक्त,मुख्यमंत्री हरियाणा, मानव अधिकार आयोग, रोजगार एवं श्रम मंत्रालय तथा अन्य अधिकारियों को दी है। कर्मचारी यादराम, लक्ष्मण,हरीचन्द,नाहरसिंह व शंकरलाल ने एसडीएम को दी शिकायत में बताया कि वह सभी पिछले 17 वर्षो से हसनपुर स्थित मां ओमवती डिग्री कालेज में माली के पद पर कार्यरत थे। नौकरी के दौरान कालेज द्वारा उनका पीएफ भी नहीं काटा गया।

जब उन्होंने कालेज चेयरमैन से पीएफ नहीं काटे जाने के बारे में जानकारी लेनी चाही तो उन्हें यह कहकर नौकरी से निकाल दिया गया कि भागो यहां से। उन्होंने बताया कि कालेज द्वारा तनख्वाह के तौर पर उन्हें 84 सौ रुपए दिए जाते थे, लेकिन डरा धमकाकर कागजों पर हस्ताक्षर साढे पंद्रह हजार रुपए पर कराए जाते थे।

## नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल विजेता आर्यन का पलवल पहुंचने पर जोरदार स्वागत

### खिलाड़ी देश की शान खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन जरूरी: सुभाष चौधरी

*सिटी24न्यूज/ऋषि भारद्वाज*



*पलवल। सीबीएसई स्कूल गेम्स में नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल विजेता आर्यन चौधरी का शहर में जुलुस निकाल कर सम्मान किया गया। शहर के दिल्ली गेट से लेकर मीनार गेट होते हुए रसूलपुर रोड़ पर पहुंचा काफिला स्वागत जनसभा में तब्दील हुआ। शहर वासियों ने फूल मालाओं से आर्यन चौधरी के साथ देवा अकेडमी की संचालक प्रियंका तेवतिया और ब्रांज मेडल विजेता अनुपमा कुंडू का भी स्वागत किया। आर्यन चौधरी ने अंडर 19 आयु वर्ग के 91 किलोग्राम भार में 23 से 29 दिसंबर तक महाराष्ट्र के अकोला में हुई सीबीएसई नेशनल गेम्स में बाक्सिंग में गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक सुभाष चौधरी ने कहा कि खिलाडी देश की शान होता है। खिलाडियों का उत्साह वर्धन करना हम सभी जिम्मेदारी है। खेलों से जहां चरित्र निर्माण होता है वहीं कैरियर भी बनाया जा सकता है। फूल और नोटों की पहनाई गई मालाएं इस बात का सबूत है कि खिलाडियों का भविष्य सुरक्षित है और खेलों में कैरियर बनाने की अपार संभावनाएं हैं। पढाई के साथ–साथ खेलों में भी जीवन के लिए जरूरी है। इस मौके पर पंचायत समिति के पूर्व चेयरमैन समुंदर सिंह भाखर, जौहरखेडा गांव के पूर्व सरपंच तेजसिंह डागर, निशांत तनेजा, गुर्जर विकास समिति के पूर्व अध्यक्ष और पार्षद पवन भडाना, बिजेंद्र दलाल, अमर सिंह दलाल, मयंक चौधरी, सुर्दशन चौहान, इंस्पेक्टर विश्व गौरव, किठवाडी पुलिस चौकी इंचार्ज अजीत नागर, आम आदमी पार्टी के नेता मूलचंद बडगुजर सहित हजारों लोग मौजूद रहे।*

# युवा अपनी स्किल को समय दें, यह समय अपनी क्षमताओं को दिखाने का: राजेश नागर

## विधायक राजेश नागर के बेटे वंश नागर ने लांच किया अपना पहला पंजाबी सॉन्ग

***आप देख रहे हैं कि जब पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम मनोहर लाल के नेतृत्व में जब पुराने कानून भी बदले जा रहे हैं तो ऐसे में हमें भी निरंतर खुद में सुधार लाने होंगे।***



*सिटी24न्यूज/ब्यूरो*

फरीदाबाद। विधायक राजेश नागर के बेटे वंश नागर ने सूरजकुंड रोड स्थित महीपाल गार्डन में अपना पहला गाना लांच किया। उनके पंजाबी गानों की धुनों पर जहां सभी जमकर झूमे, वहीं पिता राजेश नागर ने सभी युवाओं से अपनी क्षमताओं पर विश्वास रखने के लिए कहा।

नागर ने कहा कि यह समय युवाओं का है और इसका भरपूर लाभ उठाने के लिए युवाओं को अपनी स्किल विकसित करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अभी के समय में हम 30 साल पुराने कायदे को लेकर नहीं जी सकते हैं। आप देख रहे हैं कि जब पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम मनोहर लाल के नेतृत्व में जब पुराने कानून भी बदले जा रहे हैं तो ऐसे में हमें भी निरंतर खुद में सुधार लाने होंगे। आज के समय में युवा इलैक्ट्रॉनिक गैजेट्स पर लंबा समय बिताते हैं तो इसमें बड़ा हिस्सा मनोरंजन का भी होता है। आज मुझे गर्व है कि वंश ने अपनी अलग लाइन चुनी है। उसे गाना बनाने और गाने में बड़ा मजा आता है। हम चाहते हैं कि वह खूब तरक्की करे और प्रसन्न रहे। विधायक राजेश नागर ने बताया कि आज युवा परंपरागत पेशों से अलग भी अपनी स्किल पर ध्यान दे रहा है। वह इंडिपेंडेंट बनना चाहता है।

अभिभावकों को भी उनके बच्चों का मनोबल बढ़ाना चाहिए। नागर ने बताया कि आज भारत दुनिया भर में अपनी युवाशक्ति और स्किल के लिए विशेष स्थान बना रहा है। देश की पहली स्किल युनिवर्सिटी हरियाणा में खोली गई है। जिसका लाभ युवाओं को मिल रहा है।

गौरतलब है कि विधायक पुत्र वंश नागर आस्ट्रेलिया में पढ़ते हैं और इसी दौरान उनका म्यूजिक के साथ शौक जागा। आज वह इसमें प्रफेशन को भी देख रहे हैं। उनके गानों को लोगों को बड़ा पसंद किया। जिस पर वंश ने बताया कि इस क्षेत्र में अभी नए हैं लेकिन वह इसमें आगे बढ़ेंगे। इस अवसर पर नागर परिवार सहित क्षेत्र के मुख्य उद्यमी, नेता, पत्रकार, व्यापारी भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे जिन्होंने पिता पुत्र को शुभकामनाएं दीं

## महाराजा अग्रसेन डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन

*सिटी24न्यूज/ब्यूरो*



बल्लभगढ़। गत दिवस श्री वैश्य अग्रवाल समाज बल्लभगढ़ द्वारा चावला कॉलोनी स्थित अग्रसेन भवन में महाराजा अग्रसेन कंप्यूटर डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन विधायक नरेंद्र गुप्ता एवं फरीदाबाद के पुलिस कमिश्नर राकेश आर्य ने संयुक्त रूप से किया। समाज के अध्यक्ष भगवान दास गोयल ने समाज द्वारा जनहित में संचालित की जा रही गतिविधियों का ब्यौरा प्रस्तुत किया। उपाध्यक्ष कन्हैया गोयल, जय किशन गर्ग, कोषाध्यक्ष नरेश मंगला एवं सचिव राजेश गुप्ता ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया।

अग्रवाल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉक्टर के के गुप्ता को लाइब्रेरी के निर्माण में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। लाइब्रेरी के उद्घाटन अवसर पर ग्रीवेंस कमेटी के मेंबर ईश्वर दयाल गोयल, श्री वैश्य अग्रवाल समाज के पूर्व प्रधान नानक चंद बंसल सरपंच, धोजिया संगठन के प्रधान कैलाश चंद्र गर्ग, योगेश गोयल, अशोक गुप्ता, रूपेश बंसल, अग्रवाल समिति बल्लभगढ़ के अध्यक्ष जितेंद्र सिंगला, अनाज मंडी के विशन चंद्र बंसल, ललित गोयल, विजय जैन, हेमंत मित्तल, महेश गोयल, रामकिशन बिंदल, अशोक अग्रवाल, सुमित मंगला, दिनेश मंगला एवं समाज के अनेकों गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## सरकार द्वारा पात्र व्यक्तियों को घर बैठे दी जा रही हैं बीपीएल, पेंशन जैसी योजनाओं का लाभ



*सिटी24न्यूज/ब्यूरो*

***विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आज भुआपुर गांव कार्यक्रम आयोजित हुआ***

फरीदाबाद। तिगांव विधानसभा क्षेत्र से विधायक राजेश नागर ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा सरकार की प्रमुख योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई है, ताकि इन योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से सभी लक्षित लाभार्थियों तक पहुंच सके। देश व प्रदेश के वंचित लोगों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार द्वारा सराहनीय कदम उठाए जा रहे हैं।

विधायक श्री नागर आज सोमवार को फरीदाबाद के भुआपुर गाँव में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि लोगों को संबोधित कर थे।

उन्होंने कहा कि फरीदाबाद के हर गांव में ग्रामीणों को शहरों जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए केंद्र की नरेंद्र मोदी तथा प्रदेश की मनोहर सरकार द्वारा करोड़ों रुपये की लागत से विकास कार्य किए जा रहें हैं। हर गांव में विकास कार्य गुणवत्ता पूर्वक संपन्न करवाए जा रहे हैं। इसके अलावा अनेक विकास कार्य प्रगति पर है जो निर्धारित अवधि में पूर्ण कर ली जाएंगे। क्षेत्र में सडक़ों की मरम्मत, सौंदर्यीकरण पर करोड़ों रुपये की राशि खर्च की जा रही है। ग्रामीणों को बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा, खेलकूद सहित अन्य योजनाओं व सेवाओं का लाभ दिया जा रहा है।

विधायक राजेश नागर ने कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी स्टालों का अवलोकन करते हुए लाभार्थियों से सरकार की योजनाओं के बारे में प्रतिक्रिया ली। उन्होंने कहा कि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति का विकास कर उसे समाज की मुख्यधारा में शामिल करना केंद्र व प्रदेश सरकार का लक्ष्य है। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित लाभार्थियों को हमारा संकल्प–विकसित भारत की शपथ भी दिलाई। उन्होंने कार्यक्रम में योजना के लाभार्थियों को सरकार की जनहितकारी योजनाओं की जानकारी दी व विभिन्न प्रकार की सेवाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित भी किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने परिवार पहचान पत्र के माध्यम से पेंशन बनाने के कार्य को शुरू करके पेंशनधारकों को कार्यालयों के चक्कर लगाने के झंझट से मुक्ति दिलाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जन–जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रत्येक गांव में पहुंचकर सरकारी योजनाओं व सेवाओं बारे ग्रामीणों को जागरूक करने के साथ–साथ लाभान्वित भी कर रही है।

## वार्ड 33 से वासुदेव अरोड़ा को चुनाव लड़ने का दिया आशीर्वाद

*सिटी24न्यूज/ब्यूरो*



फरीदाबाद। 7–10 मार्केट एसोसिएशन के प्रधान वासुदेव अरोड़ा के निवास पर आज उन्हें नव वर्ष की मुबारकबाद देने वालों का तांता लगा रहा और काफी देर तक राजनीतिक चर्चाएं होती रही सभी मार्केट निवासी एवं सेक्टर निवासियों की एक ही मत से आवाज थी कि आप वार्ड नंबर 33 से चुनाव लड़े और आपको सभी लोग भरपूर आशीर्वाद देंगे, इस मौके पर वासुदेव अरोड़ा ने कहा कि जिसके साथ मार्केट एसोसिएशन और सेक्टर निवासियों का आशीर्वाद है भला वह कैसे पराजित हो सकता है उन्होंने सभी लोगों का आभार जताते हुए कहा कि उनका पूरा प्रयास है कि अगर किसी पार्टी ने उन्हें टिकट देकर चुनावी मैदान में उतारा तो विजय होकर वह लोगों की समस्याओं का समाधान करेंगे साथ ही लोगों के साथ हर मुसीबत में कंधे से कंधा मिलाकर उनका समाधान करने का प्रयास करेंगे। इस मौके पर हरीश गोरा, श्रवण चावला, विनय खंडूजा, यशपाल भल्ला, अरिंदम बाबा, अशोक भाटिया, बीनू भल्ला, विनोद सहगल, संदीप बर्मी, विशाल कथूरिया एवं संजय थरेजा शाहिद सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## पृथला क्षेत्र वर्ष 2024 को विकास वर्ष के रूप में मनाया जायेगा : नयनपाल

*सिटी24न्यूज/ब्यूरो*

### विधायक ने गांव आज़ाद नगर में किया 25 लाख के रास्तों का शिलान्यास



फरीदाबाद। पृथला विधानसभा क्षेत्र के विधायक नयनपाल रावत ने कहा है कि वर्ष 2024 में क्षेत्र के अधिकतर गांव के कच्चे रास्तो को पक्का कर दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस वर्ष पृथला क्षेत्र के विकास को नई गति प्रदान की जाएगी और इतना विकास करवाया जाएगा, पिछले चार सालों की कसर पूरी कर दी जाएगी। श्री रावत गांव आजाद नगर (बढराम) में विधायक आदर्श ग्राम योजना के तहत बनने वाले 25 लाख के रास्तों का शिलान्यास करने के उपरांत उपिस्थतजनों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान ग्रामीणों ने विधायक नयनपाल रावत का फूल–मालाओं से भव्य स्वागत किया।

विधायक नयनपाल रावत ने सभी ग्रामीणों को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह साल पृथला क्षेत्र के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा, इस साल क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता उन्हें जो मान सम्मान देकर विधानसभा में भेजा था, उस सम्मान को उन्होंने बरकरार रखा और सदैव क्षेत्र का विकास करवाने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि जो विकास कार्य किन्हीं कारणों से रूके हुए थे, उन्हें फिर से शुरू करवाया जा चुका हैं और क्षेत्र के लोगों की हर समस्या को दूर करवाने के लिए कड़े कदम उठाए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि वह जल्द ही अधिकारियों से मीटिंग कर विकास कार्यो की समीक्षा करेंगे और लोगों की समस्याओं को दूर करवाने में कोई कसर बाकि नहीं छोड़ेंगे।

इस अवसर पर कपिल सरपंच, चंद्रपाल अध्यक्ष ब्लाक समिति, कविन्द्र सरपंच, ललित सरपंच, प्रथम डागर सरपंच, अजय डागर सरपंच, बीर सिंह, संदीप अलावलपुर, राकेश, सतपाल, वेदपाल सहित अनेकों गणामन्य लोग मौजूद थे।

## 26 से 28 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा तीसरा सांसद खेल महोत्सव

***अधिक जानकारी के लिए इस लिंक पर क्लिक करें :*** https%@hudle-in@pages@sansad&khel&mahotsav

*सिटी24न्यूज/ब्यूरो*



डीसी विक्रम सिंह सांसद खेल महोत्सव की तैयारियों के लिए अधिकारियों को दिशा–निर्देश देते हुए।

फरीदाबाद। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में सांसद खेल महोत्सव का उद्देश्य फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी हुई प्रतिभाओं को बेहतरीन मंच प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र के सभी जूनियर और सीनियर खिलाडियों की इस खेलकूद प्रतियोगिता में भागीदारी सुनिश्चित करें।

डीसी विक्रम ने कहा कि यह सांसद खेल महोत्सव 26 से 28 तक जनवरी फरीदाबाद और पलवल जिला में आयोजित किया जाएगा। डीसी विक्रम सिंह मंगलवार को अपने कार्यालय फरीदाबाद और जिला के प्रशासनिक और खेल अधिकारियों को तीसरे सांसद खेल महोत्सव के बेहतर क्रियान्वयन के लिए दिशा–निर्देश दे रहे थे।

डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि इस खेल महोत्सव को इस बार भव्य तरीके से आयोजित किया जाएगा और पिछले सालों की अपेक्षा दोगुने जूनियर और सीनियर खिलाड़ियों को भागीदार बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बार खेलों की संख्या और इनमें प्रतियोगिताओं के मद्देनजर खिलाड़ियों की संख्या 10 से 12 हजार से ज्यादा करने का लक्ष्य रखा जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक प्रतियोगिता के लिए स्थान, नोडल अधिकारी व अन्य व्यवस्थाएं समय से पूरी की जाएगी। वहीं प्रत्येक गेम के साथ उसकी एसोसिएशन को भी जोड़ा गया है।

डीसी ने कहा कि इस बार के सांसद खेल महोत्सव में 100 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, 1500 मीटर, 5000 मीटर, लोंग जंग, ट्रिपल जंप, हाई जंप, रिले रेस (4 गुणा 100 व 4 गुणा 400 मीटर) शामिल हैं। वहीं थ्रो में शॉटपुट व जैवलिन थ्रो की प्रतियोगिता रहेगी। इसके अलावा फुटबाल, बास्केटबाल, वॉलीबॉल, हॉकी, खो–खो, कबड्डी नेशनल, कबड्डी सर्किल, बैडमिंटन, रस्साकस्सी, पैरा बैडमिंटन, बॉक्सिग, कुश्ती, टेबल टेनिस, तीरंदाजी खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों से भी अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

उन्होंने कहा कि अधिक जानकारी के लिए इस लिंक पर क्लिक करें : https%@hudle-in@pages@sansad&khel&mahotsav

यह खेल महोत्सव आम लोगों को खेलों के साथ जोडने का बहुत बड़ा माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में अधिक से अधिक जन भागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि इस खेल महोत्सव में अंडर–14, अंडर–19 व उसके उपर के खिलाड़ियों के वर्ग को शामिल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी खिलाड़ी हडल एप पर 4 मार्च से पहले अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। इसके अलावा सेक्टर–12 में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स स्थित डीएसओ कार्यालय में भी खिलाड़ी अपना आवेदन दे सकते हैं। बैठक में केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर के सचिव किरणपाल खटाना, एडीसी फरीदाबाद आनन्द शर्मा, एडीसी पलवल साहिल गुप्ता, एसडीएम बङखल अमित मान, एसडीएम बल्लबगढ त्रिलोक चंद, फरीदाबाद के जिला खेल अधिकारी देवेंद्र गुलिया, पलवल के जिला खेल अधिकारी अनिल कुमार सैनी, डीआईपीआरओ राकेश गौतम सहित सांसद खेल महोत्सव जुड़े अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## संसार में गरीबों व जरूरतमंदों की सेवा करना पुण्य का कार्य: सिंगला

### पथवारी मंदिर में हुआ कंबल वितरण समारोह, एक हजार जरूरतमंदों को बांटे कंबल



*सिटी24न्यूज/ब्यूरो*

फरीदाबाद। नववर्ष के अवसर पर हर वर्ष की भांति इस बार भी ओल्ड फरीदाबाद के ऐतिहासिक पथवारी मंदिर में वरिष्ठ समाजसेवी अनिल सिंगला द्वारा विशाल कंबल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान गरीब, जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए गए।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी लखन कुमार सिंगला ने शिरकत की और इस पुण्य के कार्य में अपनी भागेदारी निभाई। इस अवसर पर लखन कुमार सिंगला ने कहा कि संसार में गरीबों व जरूरतमंदों की सेवा करना सबसे पुण्य का कार्य है। समाज में ऐसे हजारों लोग आज भी है, जो साधन सम्पन्न न होने के चलते इस कपाकपाती ठंड में बिना गर्म कपड़ों के ठिुठरते रहते है, ऐसे गरीब व जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण करना एक बेहतर और परोपकारी कार्य है।

इस दौरान उन्होंने गरीब बुजुर्ग महिलाओं, बुजुर्गो सहित विकलांगों को भी कंबल वितरित किए। वहीं समाजसेवी अनिल सिंगला ने बताया कि वह हर वर्ष पथवारी मंदिर में गरीब व जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण करते है, आज इस कार्यक्रम के दौरान करीब 1000 लोगों को कंबल वितरित किए गए।

उन्होंने कहा कि संसार में अच्छाई–बुराईयों से दूर हटके लोगों की सेवा करनी चाहिए क्योंकि ईश्वर की नजर में गरीब–अमीर सभी एक समान है, इसलिए अगर भगवान आपको दूसरे की मदद करने के लायक बनाया है तो गरीबों की मदद अवश्य करनी चाहिए क्योंकि इससे बड़ा परोपकारी का कार्य कोई नहीं हो सकता।

इस मौके पर अनिल सिंगला, सुरेंद्र यादव ,नेमचंद गर्ग, नवल किशोर ,रमेश ,अरविंद गुप्ता , सुरेंद्र अग्रवाल, कपूर चंद अग्रवाल, आकाश सैनी, कर्मवीर खटाना कर्मवीर खटाना, विजय कुमार, बल्लू, राजू शर्मा सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

**22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद शुरू होगी बस सेवा**

# फरीदाबाद, गुरुग्राम व सोनीपत से अयोध्या के लिए शुरू होगी सीधी बस सेवाः मूलचंद शर्मा

*सिटी24न्यूज/ब्यूरो*



**अन्य जिलों से डिमांड मिलने पर भी अयोध्या के लिए बस सेवा शुरू करेंगे**

**नव वर्ष पर दी करोड़ों की सौगात, श्याम कॉलोनी में 32 गलियों के निर्माण की रखी आधारशिला**

फरीदाबाद। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके बाद हरियाणा के फरीदाबाद, गुरुग्राम व सोनीपत से अयोध्या के लिए सीधी बस सेवा शुरू की जाएगी। यही नहीं अन्य जिलों से मांग आने पर वहां से भी भविष्य में अयोध्या के लिए सीधी बस सेवा शुरू होगी। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा सोमवार को बल्लभगढ़ विधानसभा के अंतर्गत आने वाली श्याम कॉलोनी में एक करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली 32 गलियों के शिलान्यास समारोह के उपरांत संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि अयोध्या में भगवान श्री राम मंदिर हमारे लिए गौरव के बाद है और मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग अयोध्या दर्शन के लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि लोगों की आस्था को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। इस दौरान बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लोगों को नववर्ष का तोहफा भी दिया। उन्होंने कहा कि आज बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र में प्रत्येक क्षेत्र में विकास कार्य चल रहे हैं। लोगों की मांग को देखते हुए सभी गलियों व सडकों का निर्माण कार्य युद्धस्तर पर करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि श्याम कालोनी की इन 32 गलियों के निर्माण की मांग भी काफी समय से की जा रही थी और इस मांग को पूरा किया जा रहा है। इसके साथ ही बल्लभगढ़ के सिटी पार्क व राजा नाहर सिंह पार्क को स्ट्रीट लाइटों की सौगात भी दी। उन्होंने कहा कि 15 लाख रुपये की लागत से सिटी पार्क में 50 व राजा नाहर सिंह पार्क में 15 स्ट्रीट लाईटें लगाई जाएंगी।

इस अवसर पर श्याम कालोनी में टिपरचंद शर्मा, राजेंद्र बैसला, राधे राधे महाराज, लखन बैनीवाल, संजीव बैंसला, विनोद गोस्वामी, राकेश गुर्जर, डा. बिजेंद्र सिंगला, महावीर सैनी, प्रेम खट्टर, बिट्टू पंजाबी, पीके शर्मा और सिटी पार्क के कार्यक्रम में प्रधान सेवा राम वर्मा, पारस जैन, बालकिशन शास्त्री, एक्सईएन ओपी कर्दम, जेई ऋतु बंसल, जितेंद्र बंसल सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर खुशी की लहर : सीमा त्रिखा



*सिटी24न्यूज/ब्यूरो*

फरीदाबाद। राम मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा से पहले घर–घर अक्षत निमंत्रण पहुंचना सोमवार से शुरु हो गया। अयोध्या से पूजित अक्षत जब फरीदाबाद के सेक्टर 21सी स्थित शिव शक्ती अपार्टमेंट में पहुंचे तो लोगों का उत्साह देखते ही बना। इस मौके बड़खल की विधायक सीमा त्रिखा पहुंचीं। तथा अक्षत निमंत्रण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर रहे कार्यकर्ताओं की हौंसलाफजाई की। उन्होंने कहा कि हमारे देश की परंपरा रही है की मांगलिक कार्य करने से पहले लोगों को निमंत्रण दिया जाता है। ऐसे में निमंत्रण के उपहार स्वरूप अयोध्या में पूजा गया अक्षत लोगों तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राम मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा के चलते लोगों में खुशी की लहर है। इसके लिए लम्बा संघर्ष करना पड़ा था। भाजपा बड़खल मंडल के महामंत्री पंकज सिवाल ने घर–घर जाकर लोगों को निमंत्रण दिया। निमंत्रण में पूजित अक्षत, प्रभु राम का चित्र और पत्रक दिया गया है। पत्रक के जरिए इस बात की अपील की गई है कि लोग प्राण प्रतिष्ठा के दिन अयोध्या न पहुंचे। लोग 22 जनवरी को अपने घर के पास के मंदिर में आयोजन कर दीपावली जैसा उत्सव मनाएं। इस मौके पर जगबीर सिंह तेवतिया, सुभाष, सतीश कौशिक, पंकज सिवाल, सतेन्द्र पांडेय, अमित अहूजा, हरेन्द्र शर्मा, डीआर खुराना, सुरेन्द्र मोर, प्रेम दीवान, चमन सिंह चौहान मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# विजय प्रताप ने दी क्षेत्रवासियों को नववर्ष की शुभकामनायें

*सिटी24न्यूज/ब्यूरो*

फरीदाबाद। बडख़ल विध. ानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रहे कांग्रेसी नेता विजय प्रताप ने क्षेत्रवासियों को नववर्ष 2024 की शुभकामनाएं दी और सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि 2024 में फरीदाबाद के लोग खुशहाल, निरोगी, स्वस्थ्य एवं सुरक्षित रहें। इस मौके पर सुबह से फ़रीदाबाद के अलग–२ क्षेत्र से आने वाले लोगों ने नववर्ष की बधाई एवं आशीर्वाद दिया ।विजय प्रताप ने सभी को 2024 में नए कार्य, नई योजनाओं पर काम करते उन्नति एवं तरक्की का रास्ता अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि ३० वर्ष पहले फ़रीदाबाद एनसी. आर में सबसे आगे था लेकिन 1996 से लेकर 2005 की भाजपा समर्थित सरकार और अब 2014 से 2024 की भाजपा सरकार के अनदेखी एवम् लापरवाह सरकार ने फ़रीदाबाद को एनसीआर में सबसे पीछे कर दिया है अब बाहर से आने वाले लोगो के लिए भी फ़रीदाबाद आख़री पसंद रह गया है , उन्होंने कहा कांग्रेस सरकार आने पर पुनः इसको अव्वल बनाने पर काम होगा ।आज फ़रीदाबाद प्रदूषित शहरों की श्रेणी में शामिल है, लोगों के पीने के लिए शुद्ध पानी नहीं है और लोग जलज. नित बीमारियों का शिकार हो रहे है। पूरा शहर आज भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी एवं अपराध से त्रस्त है। विजय प्रताप ने कहा कि २०२४ बदलाव का वर्ष है और प्रदेश की जनता बदलाव चाहती है।



# पुलिस की अवैध हथियार धारकों के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही 4 आरोपी धरे

*सिटी24न्यूज/रॉबिन माथुर*

हथीन। डिटेक्टिव स्टाफ प्रभ. ारी रामवीर डागर की टीम में तैनात सहायक उप निरीक्षक सिराजुद्दीन ने थाना सदर क्षेत्र अंतर्गत गांव अटोहा मोड़ से एक आरोपी को देशी कट्टा एवं 1 कारतूस अवैध हथियार सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। इसी प्रकार दूसरे मामले में डिटेक्टिव स्टाफ में ही तैनात हेड कांस्टेबल इरफान खान ने हथीन गेट मोड से एक आरोपी को देशी कट्टा एवं 1 कारतूस अवैध हथियार सहित काबू किया। वहीं तीसरे मामले में थाना सदर में तैनात उप निरीक्षक बादाम सिंह की टीम ने थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव बहरोला के अड्डे के पास ख़डी गाडी नं भ्त50क्6043 स्विफ्ट सवार आरोपी को एक पिस्टल एवं 12 जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। चौथे मामले में क्राइम ब्रांच होडल में तैनात सहायक उप निरीक्षक राजवीर सिंह के नेतृत्व में टीम ने थाना होडल क्षेत्र अंतर्गत कुंडा कॉलोनी गली नंबर 4 होडल से आरोपी को देसी कट्टा (पौना) अवैध हथियार सहित काबू किया।

# फरीदाबाद वेलफेयर एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री के पूर्व राजनीतिक सचिव अजय गौड़ का आभार जताया



*सिटी24न्यूज/ब्यूरो*

फरीदाबाद। फरीदाबाद वेलफेयर एसोसिएशन की संपूर्ण टीम ने मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार के पूर्व राजनीतिक सचिव अजय गौड़ के निवास पर जाकर उनका आभार व्यक्त किया। उन्हा. ेंने कहा कि श्री गौड़ द्वारा खेड़ी पुल शमशान घाट की पार्किंग में इंटरलॉकिंग टाइल लगवाने एवं श्मशान घाट के अंदर एक नया ट्यूबवेल लगवाने पर उनका अभार व्यक्त किया।

संस्था के सचिव नरेंद्र जैन ने बताया कि उनकी संस्था श्मशान घाट का पूरा कार्यभार संभालती है। शमशान घाट में क्रिया कर्म के लिए आने वाले लोगों को पार्किंग की बहुत समस्या होती थी जिसका समाधान अजय गौड़ द्वारा करवाया गया है। इस मौके पर श्री गौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहरलाल के आदेश पर 90 विधानसभा क्षेत्रों में बिना भेदभ. ाव के विकास कार्य चल रहे है।

# नव वर्ष की शुभकामनायें देने वालो का लगा ताँता, विपुल गोयल ने जताया सबका आभार

*सिटी24न्यूज/ब्यूरो*

फरीदाबाद। पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल के सेक्टर 16 स्थित कार्यालय सागर सिनेमा पर सुबह से ही नववर्ष की शुभकामनायें देने वालो का ताँता लगा रहा। आज सुबह से ही लोग कार्यालय पर पहुँचने लगे और फूल मालाओ के साथ साथ पगड़ी बाँधकर भी मान– सम्मान दिया।

इस मौके पर विपुल गोयल ने सभी लोगों का हाथ जोड़कर अभिवादन स्वीकार किया और सभी क्षेत्रवासियो कों नव वर्ष की बधाई देते हुए परिवार के उन्नति और उज्ज्वल भविष्य की कामना की व कार्यालय पर आये सभी लोगों कों मिठाई खिलाकर नव वर्ष मनाया। पूर्व मंत्री ने कहा कि इस नव वर्ष में देश के अंदर एक और बहुत बड़ा पर्व भी आने वाला है जिसे भी हम सबको मिलकर मनाना है और फिर दोबारा से कमल खिलाकर मोदी–मनोहर की जोड़ी कों लाना है क्योंकि देश की तरक्की और सुरक्षा नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के साथ ही तय है। इस मौके पर फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न गणमान्य लोगों के अलावा काफ़ी गांव से सरपंच व पूर्व सरपंचो ने भी कार्यालय पर आकर विपुल गोयल कों नव वर्ष की शुभकामनायें और बधाई दी।




# कृष्ण कुमार सहित 12 हेड कांस्टेबल बने एएसआई



*सिटी24न्यूज/रॉबिन माथुर*

हथीन। पुलिस प्रवक्ता से प्राप्त जानकारी अनुसार जिला नूंह में पुलिस प्रवक्ता के पद पर तैनात प्रधान सिपाही कृष्ण कुमार, पुलिस कार्यालय नूंह में तैनात प्रधान सिपाही मुकेश कुमार, थाना सदर नूंह में तैनात प्रधान सिपाही सुनील कुमार, थाना फिरोजपुर झिरका में तैनात प्रधान सिपाही योगेंद्र सिंह, प्रधान सिपाही देवदत्त सहित 12 प्रधान सिपाहियों की पदोन्नति प्रधान सिपाही पद से सहायक उप–निरीक्षक पद की होने पर पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र बिजारणिया ने लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में सभी पदोन्नत पुलिस कर्मियों को पदोन्नति का स्टार लगाकर बधाई दी तथा उनके अच्छे एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

# राजा नाहर सिंह का बलिदान दिवस समारोह 9 जनवरी को, अभय सिंह चौटाला होगें मुख्य अतिथि

*सिटी24न्यूज/ब्यूरो*



फरीदाबाद। 1857 की क्रांति के शहीद राजा नाहर सिंह का 166वां बलिदान दिवस मनाने के लिए आज उनके वंशज व इनेलो के वरिष्ठ नेता सुनील तेवतिया के सैक्टर–3 स्थित निवास पर एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता जिला इनेलो के अध्यक्ष देवेन्द्र चौहान ने की। जबकि विशेष रूप से राजा राजकुमार तेवतिया, जिला इनेलो पलवल अध्यक्ष अजीत सिंह बॉबी, प्रदेश महासचिव महेन्द्र सिंह चौ. हान व जिला कार्यकारी अध्यक्ष देवेन्द्र तेवतिया, महिला जिलाध्यक्ष जगजीत कौर पन्नू विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र के सभी इनेलो पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने इस बैठक में मौजूद रहे। मंच का संचालन जिला इनेलो के कार्यकारी अध्यक्ष देवेन्द्र तेवतिया ने किया। इस बैठक में यह निर्णय लिया गया कि हर वर्ष की भ. ांति राजा नाहर सिंह सोसायटी व इनेलो द्वारा शहीद राजा नाहर सिंह का बलिदान दिवस धूमधाम से मनाया जाए और बल्लभगढ़ के दशहरा मैदान में एक ऐतिहा. सिक विशाल जनसभा की जाए। कार्यक्रम के संयोजक इनेलो नेता सुनील तेवतिया ने बताया कि आगामी 9 जनवरी को आयोजित राजा नाहर सिंह के बलिदान दिवस पर इनेलो के वरिष्ठ नेता और विधायक अभय सिंह चौ. टाला मुख्य अतिथि होगें। इस अवसर पर इनेलो के प्रदेश स्तर के सभी पदाधिकारी व इलाके के सभी मौजिज लोग शामिल होकर अपने प्रिय राजा को श्रद्धांजलि देगें। उन्होंने बताया कि शहीद राजा नाहर सिंह की जीवनी को जन–जन तक पहुंचने के लिए उनका परिवार हमेशा पिछले 50 साल से इस तरह के आयोजन करता आ रहा है। राजा नाहर सिंह छत्तीस बिरादरी में लोकप्रिय थे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष देवेन्द्र चौहान ने बलिदान दिवस पर आयोजित जनसभा के लिए सभी कार्यकर्ता पदाधिकारियों की ड्यूटी लगाई और कहा कि हर कार्यकर्ता इस बलिदान दिवस समारोह को सफल बनाने में जुट जाए। उन्होंने कहा कि आज के युवाओं को इस कार्यक्रम से प्रेरण ा भी मिलेगी कि हमारे एक ऐसे राजा नाहर थे जिन्होंने अंग्रेजों की गुलामी स्वीकार न करते हुए अपने प्राणों को हंसते–हंसते कुर्बान कर दिया। इस मौके पर अजय चौधरी, उदयवीर सहरावत, वेद पहल. वान, सुखबीर चाहर, सुरेश मोर, सुरेश वर्मा, बच्चू सिंह, चंदन सिंह, जितेन्द्र नरवत, बोधराज रावत, घीसाराम, सुनील मंडोत सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# पवन वीर चौधरी ने केन्द्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर को दी नववर्ष की बधाई

**कृष्णपाल गुर्जर के लिए पूरा लोकसभा क्षेत्र उनका परिवार है और वे इस क्षेत्र के प्रत्येक व्यक्ति के दुख दर्द में कन्धे से कन्धा मिलाकर खड़े रहते हैः पवन वीर चौधरी**



फरीदाबाद। सेक्टर 28–29 सब्जी मंडी के प्रधान एवं युवा भाजपा नेता पवन वीर चौधरी आज नववर्ष पर ढोल नगाड़ो के साथ केन्द्रीय राज्यमंत्री चौ. कृष्णपाल गुर्जर के सेक्टर–28 स्थित कार्यालय पहुंचकर उन्हें नववर्ष की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर पवन वीर चौधरी ने कहा कि नववर्ष मंत्री जी और उनके परिवार के लिए ढेर सारी खुशियां लेकर आए। उन्होनें कहा कि चौ. कृष्णपाल गुर्जर के लिए पूरा लोकसभा क्षेत्र उनका परिवार है और वे इस क्षेत्र के प्रत्येक व्यक्ति के दुख दर्द में कन्धे से कन्धा मिलाकर खड़े रहते है और जनता भी उन्हें एक देवता के रूप में देखती है। इस मौके पर पाली, जानकी प्रसाद,जोगेन्द्र,रघुनन्दन पंडित जी,नाथू भाई,गोविन्द्र भाई, संजय राठौर,योगेश यादव,प्रभाष ठाकुर सहित सैकड़ो लोग उनके साथ मौजूद थे।

# पीओ स्टॉफ ने 18 साल से अधिक फरार चल रहे चार आरोपियों पर कसा शिकंजा

सिटी24न्यूज/रॉबिन माथुर

हथीन। पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार एसपी पलवल डॉ अंशु सिंगला के कुशल नेतृत्व में जिला पुलिस लगातार अपराधियों पर शिकंजा कस रही है। एसपी के दिशा–निर्देशानुसार विभिन्न मामलों में वांछित भगौड़ो के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्यवाही करते हुए पीओ स्टॉफ के हाथ बड़ी कामयाबी लगी है। पीओ स्टॉफ प्रभारी उप निरीक्षक प्रीतम सिंह की टीम ने सदर थाना पुलिस के वर्ष 2005 के दहेज प्रताड़ना एवं मारपीट मामले में पीओ करार 4 आरोपीयों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

पीओ स्टॉफ प्रभारी उप निरीक्षक प्रीतम सिंह के अनुसार एसपी महोदया डॉ अंशु सिंगला द्वारा उन्हें जब से पीओ स्टॉफ प्रभारी का चार्ज दिया गया है तभी से ही उनके निर्देशानुसार उनकी टीम लगातार उद्घोषित/पीओ तथा बेल जंपर अपराधियों पर अपनी नजर बनाए हुए हैं।

उनकी टीम ने थाना सदर पलवल में दहेज प्रताड़ना एवं मारपीट के संबंध में दर्ज अभियोग संख्या 291/2005 धारा 323 406 498 ए 506 आईपीसी में लंबे समय से पुलिस की गिरफ्त से फरार चल रहे एक महिला सहित चार आरोपियों को मेवात नूह से उनके ठिकानों से गिरफ्तार किया है जिन्हें आगामी कार्यवाही के लिए संबंधित थाना सदर पुलिस के हवाले कर दिया गया है। मामले में थाना सदर पुलिस द्वारा नियमानुसार पुलिस कार्यवाही की जा रही है।

# महर्षि दयानंद की जयंती पर यज्ञ का आयोजन



सिटी24न्यूज/रॉबिन माथुर

हथीन। महर्षि दयानंद की 200 वीं जयंती के उपलक्ष में पहले कौंडल गांव में बलराम की पुण्यतिथि के अवसर पर यज्ञ किया गया। जिसमें शेरसिंह, चरण सिंह तेवतिया, सूबेदार घासीराम, हरबंस शास्त्री, ओमप्रकाश पांचाल, धौरसिह आर्य, सतवीर व अन्य लोग पहुंचे और बलराम को याद किया। उसके बाद दूसरा 21 कुंडीय यज्ञ देव दयानंद पब्लिक स्कूल मंडनाका के प्रांगण में किया गया। जिनमें ब्रह्मा डॉक्टर युद्ध वीर आर्य रहे जो पतंजलि के जिला यज्ञ प्रभारी हैं। इस मौके पर महर्षि दयानंद के बताए हुए रास्ते पर चलने की प्रेरणा दी गई की किस प्रकार महर्षि दयानंद ने पाखंड और आडंबर को मिटाकर वेदों की ओर लौटो का नारा दिया। निश्चित रूप से आज इन विद्यालयों में संस्कार और पढ़ाई दोनों कार्य किया जा रहे हैं ऐसे ही विद्यालयों की आज आवश्यकता है। क्योंकि सभी अपने बच्चों को गुरुकुल में नहीं पढ़ा सकते और गुरुकुलों की संख्या भी कम रह गई है इसलिए हमें विद्यालयों को ही गुरुकुल बनाना होगा। इस अवसर पर युवा जिला प्रभारी वीरपाल ने अपना उद्बोधन दिया और देशभक्ति गीत के द्वारा युवाओं और बच्चों में देशभक्ति की भावना जागृत की।

# गांव घासेड़ा के मुहम्मद साकिब बने हाफिज कुरान



सिटी24न्यूज/अनिल मोहनियां

नूंह। ऐतिहासिक गांव गांधी ग्राम घासेड़ा स्थित मदरसा उबई बिन काब के होनेहार छात्र मुहम्मद साकिब पुत्र मुहम्मद साहून निवासी घासेड़ा के द्वारा कुरान पाक को हिफ्ज मुकम्मल करने पर मदरसा इंतजामिया की तरफ से बच्चे के एजाज में एक तकरीब का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मदरसा के स्टाफ के आलावा मुहम्मद साकिब के खानदान वालों ने शिरकत की। तालिब इल्म मुहम्मद साकिब ने सभी लोगों की मौजूदगी में अपने उस्ताद मुहतरम कारी नसरुद्दीन साहब को अपना आखरी सबक सुनाया जिसके बाद मौजूद लोगों जिनमें मियांजी मुहम्मद खान, औसाफ नंबरदार, दादा बिलाल, भाई इरशाद, चाचा मजीद, भाई इखलास, मौलाना अखलाक, भाई जकरया, भाई खालिद उर्फ खल्ली, भाई शौकीन व समाजसेवी खालिद हुसैन इत्यादि ने तालिब इल्म मुहम्मद साकिब, उस्ताज कारी नसरुद्दीन व वालिद साहून खान को बच्चे के इस कारनामे पर फूल मालाएं पहनाकर मुबारकबाद पेश की और बच्चे को दूआओं से नवाजा।

# पाटखोरी में किया गया एनएसएस का शुभारंभ

सिटी24न्यूज/अनिल मोहनियां




फिरोजपुर झिरका। खंड के गांव पाटखोरी में एनएसएस के कैंप का शुभारंभ स्कूल के प्रधानाचार्य परवीन सैनी ने किया। उन्होंने एनएसएस के छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि छात्रों को छात्र जीवन से ही समाज के प्रति अपने सेवा भावना का विकास करें, अगर एक नागरिक के रूप में छात्र विद्यार्थी जीवन से ही समाज के प्रति सेवा भावना का विकास करेंगे तो इसके परिणाम देश और समाज के लिए सकारात्मक होंगे।

एक अच्छा नागरिक बनने के लिए सिर्फ किताबी ज्ञान काफी नहीं है बल्कि विद्यार्थियों को चहुंमुखी विकास का प्रयत्न करे। एनएसएस की स्कूल इकाई के इंचार्ज पदम सिंह ने छात्रों को कैंप के रूल रेगुलेशन समझाए तथा बताया कि 7 दिन तक चलने वाले कैंप में किन किन गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने स्कूल परिसर के रखरखाव में अपनी भागीदारी निभाते हुए अस्त व्यस्त वस्तुओं को सहेजकर रखा था तथा साफ सफाई कर कैंपस को साफ सुथरा बनाया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य परवीन सैनी के अलावा, एनएसएस इकाई के इंचार्ज पदम, सुरेश कुमार प्रवक्ता, जाकिर हुसैन, सहित दर्जनों छात्र व छात्राएं उपस्थित थे।

# जमीला बैगम के निधन पर परिवार को सांत्वना देने पंहुचे पूर्व मुख्यमंत्री चौव भूपेन्द्र सिंह हुड्डा व प्रमुख हस्तियाँ

सिटी24न्यूज/अनिल मोहनियां

नूंह। देश के एकमात्र राजनेता जो तीन राज्यों में मंत्री रहे पूर्व सांसद मरहूम चौधरी तय्यब हुसैन की धर्मपत्नी स्वः श्रीमती जमीला बैगम के निधन के बाद मंगलवार को नूँह में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं हरियाणा वक्फ़ बोर्ड के प्रशासक चौधरी ज़ाकिर हुसैन पूर्व विधायक के निवास पर हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री व प्रतिपक्ष नेता चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा व कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष उदयभान पंहुचे। उन्होंने सबसे बड़े सुपुत्र चौधरी ज़ाकिर हुसैन, चौधरी फजल हुसैन, श्रीमती जाहिदा खान पूर्व मंत्री, श्रीमती नसीमा हुसैन एडवोकेट व चौधरी ताहिर से मिलकर सांत्वना दी। इस अवसर पर उनके साथ विधायक राव दान सिंह, विधायक आफताब अहमद, विधायक मौव इलियास, प्रदेश उपाध्यक्ष जितेन्द्र भारद्वाज, पूर्व विधायक शहीदा खान, इसराईल कोट आदि कांग्रेसी नेता भी रहे।

भूपेन्द्र हुड्डा ने परिवार को सांत्वना देते हुए कहा कि स्वः जमीला बैगम बहुत ही मिलनसार, सरल स्वभाव की धनी व जनसेवा करने वाली महिला थी। उन्होंने हमेशा लोगों को जोड़ने का काम किया। वे हमेशा जरूरतमंद लोगों, बेसहाराओं व मजलूमों की मदद करने में अग्रणी रहती थी। उन्होंने अपने परिवार के सभी सदस्यों को पढा लिखाकर बहुत काबिल बनाया है जिसकी बदौलत उनका एक बेटा चौधरी ज़ाकिर हुसैन



तीन बार विधायक रह चुके हैं और वर्तमान में हरियाणा वक्फ़ बोर्ड के प्रशासक बनकर मेवात क्षेत्र के लोगों की सेवा कर रहा है।

सोमवार को सुबह मरहूमा जमीला बैगम की मग़फ़िरत के लिए उलेमा हज़रात ने दुआएँ करवाई जिसमें सैंकड़ों उलेमाओं, ईमामों व प्रमुख लोगों ने हिस्सा लिया।

खबर लिखे जाने तक सोमवार को भाजपा नेता चौधरी ज़ाकिर हुसैन व उनके परिवार को सांत्वना देने पूर्व मंत्री व कांग्रेस के दिग्गज नेता कैप्टन अजय सिंह यादव, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीक़ी, मोर्चा के महाराष्ट्र के प्रभारी एस एम अकरम, डॉव असलम खान, पूर्व विधायक तेजपाल तंवर, पूर्व डिप्टी स्पीकर चौव आज़ाद मौव, पूर्व विधायक भाई नसीम अहमद, पूर्व विधायक शहीदा खान, जिला प्रमुख जान मौहम्मद, सुरेन्द्र सिंह पंटू उजीना, जिलाध्यक्ष नरेन्द्र पटेल, जावेद अहमद सोहना, श्रीमती ताहिरा अजमत, भाजपा नेता हबीब हवननगर, सतबीर खटाना, श्री बेगराज, धर्मपाल सिंह, तरसेम गर्ग, नेहा खान, हरीश शर्मा बॉबी, संजय गर्ग बिट्टू, नेहा खान, देवी सिंह प्रधान ईंडरी आदि के अलावा सैंकड़ो उलेमा हज़रात, ईमाम साहिबान व अन्य सैंकडो गणमान्य व्यक्तियों ने पंहुचकर मरहूमा जमीला बैगम को ख़रिज–ए–अकीदत पेश की तथा परिवार को सांत्वना दी।

# 6 डिग्री तापमान में कॉग्रेस सम्मेलन में उमड़ा जनसैलाब, आफताब टीम की पीठ थपथपा गए हुड्डा व उदय भान

सिटी24न्यूज/अनिल मोहनियां



नूंह। छह डिग्री कड़कड़ाती ठंड में उस वक्त पारा चढ गया जब हजारों की भीड़ कॉग्रेस के नूंह सम्मेलन में उमड़ी। भीड़ देखकर पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा व प्रदेश कॉग्रेस अध्यक्ष चौधरी उदय भान बेहद खुश नजर आए। कॉंग्रेस का कार्यकर्ता सम्मेलन एक बड़ी जनसभा में तबदील हो गया। भूपेंद्र हुड्डा सहित दिग्गज कॉग्रेस नेता अपने उपनेता चौधरी आफताब अहमद और उनकी टीम की पीठ थपथपा गए।

हजारों की भीड़ ने आफताब अहमद के आह्वान पर दोनों हाथ उठाकर बीजेपी के खिलाफ़ और कॉग्रेस के समर्थन में चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा को समर्थन दिया।

नेता प्रतिपक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि बीजेपी–जेजेपी सरकार ने हरियाणा को बेरोजगारी, बदहाली और बर्बादी के सिवाय कुछ नहीं दिया है। लेकिन हरियाणा को अब जल्दी ही सरकार की भ्रष्टाचार व नाकामियों से छुटकारा मिलेगा और प्रदेश में कल्याणकारी और प्रगतिशील नीतियों वाली कांग्रेस सरकार बनने जा रही है। उन्होंने आफताब अहमद द्वारा ड्राईवरों के कानून पर कहा कि ड्राइवरों से बिना सलाह मशविरे के बना नया कानून, कांग्रेस सरकार बनने पर दुरुस्त किया जाएगा।

प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान ने कहा कि आने वाला समय कांग्रेस का है पहले किसानों पर जबरदस्ती कृषि कानून थोपे गए, इसी तरह फैक्ट्री मजदूर के काम के घंटे को भी 8 से बढ़कर 12 करने का कानून बनाया गया। अब ड्राइवरों से कोई सलाह मशविरा किए बिना उनपर नया कानून थोप दिया गया। मेवात में आईएमटी से लेकर हसन खान मेवाती मेडिकल कॉलेज बनवाने जैसे कार्य कांग्रेस सरकार के दौरान ही हुए।

वहीँ कॉग्रेस उप नेता आफताब अहमद ने अपने संबोधन में कहा कि शहीदों की सरज़मी मेवात जिसने देश के लिए बड़ी बड़ी कुर्बानियाँ देने व मुग़लों से लेकर अंग्रेजों तक लड़ाईयाँ में लाखों सहादतें दी, यहां सभी मेवाती हिंदू व मुस्लिम समाज कॉग्रेस के साथ खड़ी है क्यूंकि 1947 हो या आज कॉग्रेस सदेव भाइचारे के खड़ी नजर आई है।

विधायक आफताब अहमद ने कहा कि बीजेपी जेजेपी राज में मेवात में विकास की दो ईंट तो दूर बल्कि इलाक़े से खुला भेदभाव, धोखा हुआ है। सदियों पुराने भाईचारे को निगलने का प्रयास हुआ, वो तो यहाँ के हिंदू मुस्लिम दलित पिछड़े वर्गों की समझदारी थी जो हालात खुद सँभाल लिए अन्यथा इलाक़े को और पीछे धकेला जाता। उन्होंने हरियाणा की किसान व सर्व समाज चौधर का शुक्रिया किया।

आफताब अहमद ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने मेवात को विकास की पटरी पर चलाने का काम किया था, मेवात में

तरक़्क़ी हुई, कोई हिंसा या सरकारी भेदभाव या आंदोलन नहीं हुआ था। जिला बनाने से लेकर मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, कई महिला कॉलेज बहुतकनीकी संस्थान आईटीआई कस्तूरबा गांधी विधालय आरोही मॉडल स्कूल, कोटला झील, राजीव गांधी रैनीवैल पेयजल योजना, बादली परियोजना, राष्ट्रीय राजमार्ग 248 ए, लघु सचिवालय नूंह, रोजगार के साधन, किसानों की कर्ज माफी, बीपीएल प्लाट, कई बस अड्डे बिजली स्टेशन बनाये गए।

उप नेता आफताब अहमद ने कहा कि कॉग्रेस सरकार में विकास के साथ साथ मेवात इलाक़े व स्थानीय चौधर का सम्मान था, हिंदू मुस्लिम भाईचारे का सम्मान था, मिली जुली सभ्यता संस्कृति का सम्मान था और सभी की माँगों का और यहाँ तक कांग्रेस राज में लोगों के विरोध का भी सम्मान हुआ करता था। वहीँ बीजेपी जेजेपी सरकार में हमें कुछ नहीं दिया, मिला तो सिर्फ़ हिंसा का दंश, नफ़रत और इलाक़े से भेदभाव।

विधायक आफताब अहमद ने भाजपा पर कॉग्रेस के काम रोकने पर हमला बोलते हुए कहा कि मंजूरी के बाद भाजपा सरकार ने सालाहेड़ी केंद्रीय विद्यालय, ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल छपेड़ा, कोटला झील का विस्तार, मेडिकल कॉलेज में डेंटल कॉलेज, नूँह से आगे अलवर बॉर्डर तक फोर लेन का काम, रेल का काम, सेक्टर बनने थे, नगीना में एमडीयू का रीजनल सेंटर के काम रोक दिए।

आफताब अहमद ने नेता प्रतिपक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा व उदय भान जी से मांग करते हुए कहा कि स्थानीय रुके हुए प्रोजेक्ट कॉग्रेस सरकार बनते ही शुरू किए जाएँ, अब रीजनल सेंटर नहीं ब्लकि मेवात यूनिवर्सिटी चाहिए, ड्राइवरों के ख़िलाफ़ दस साल क़ैद का क़ानून रद्द करने, ड्राईविंग स्कूल छपेड़ा, मेवात कैनाल, सालाहेडी केंद्रीय विद्यालय, रेल शुरू करने, मेडिकल कॉलेज को फर्स्ट क्लास हॉस्पिटल में तबदील करने, युवाओं को रोज़गार व मेवात का फिर से विकास करने की बात रखी।

विधायक आफताब अहमद ने कहा कि बीजेपी जेजेपी राज में सम्मान तो छोड़ो, हर बात पर अपमान है, कोई कच्चा कर्मचारी अपना हक़ माँगे, छोटा व्यापारी धरना दे, किसान काले क़ानून पर आवाज़ उठाए, छात्र छात्रायें नौकरी माँगे, महंगाई बेरोज़गारी पर प्रदर्शन हो, सरपंच पंच प्रदर्शन करें तो लठ मारती है सरकार अब ऐसी सरकार को अब उखाड़ने का समय आ गया है क्योंकि ये सरकार अब जनहित के नहीं बल्कि जनता के हितों के ख़िलाफ़ काम कर रही है।

इस दौरान हुड्डा के साथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान, कांग्रेस ओबीसी (विंग) के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैप्टन अजय सिंह यादव, कॉग्रेस उप नेता आफताब अहमद, विधायक मोहम्मद इलियास, विधायक मम्मन खान, विधायक राव दानसिंह, पूर्व विधायक करण सिंह दलाल, कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र भारद्वाज, साहिदा खान, महताब अहमद, इब्राहिम इंजीनियर, इस्राइल कोट समेत पार्टी के वरिष्ठ नेताओं सहित जावेद काटपूरी, यूथ जिला अध्यक्ष मुबीन तेड, मकसूद, मदन तंवर, शरीफ, देवी सिंह, अब्बास, आमिल चेयरमैन, साजिद सरपंच,

समसू, शाहिद, विष्णु, वीरेंद्र गर्ग, ताहिर, इर्शाद एडवोकेट, साबिर, सोहराब, इकबाल मालब,

आसिफ़, रफीक, नईम, अफ़ाक, अयूब सेवा दल आदि मौजूद रहे।

# शीतकालीन अवकाश में अनुभव आधारित गृहकार्य करेंगे प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थीः कुसुम मलिक

सिटी24न्यूज/अनिल मोहनियां



नूंह। जिला एफएलएन समन्वयक कुसुम मलिक ने बताया कि नई शिक्षा नीति अनुभव आधारित शिक्षा को महत्त्व देती है। अतः निपुण भारत अभियान के अंतर्गत शीतकालीन अवकाश में विद्यार्थियों को इसी प्रकार का गृहकार्य प्रदान किया गया। इससे पहले ग्रीष्मकालीन अवकाश में भी विद्यार्थियों को इसी प्रकार का गृहकार्य दिया गया था। विद्यार्थियों को प्रदत्त गृहकार्य को करवाने में अभिभावकों की विशेष भूमिका रहेगी, जिसमें दादा–दादी या नाना–नानी भी मेंटर की भूमिका में रहेंगे और वे अपने अनुभव के आधार पर विद्यार्थियों को संस्कार, दक्षता, कौशल तथा व्यवहार कुशलता की शिक्षा प्रदान करेंगे। गृहकार्य की गतिविधियों में विद्यार्थियों को पढ़ने, लिखने, गणना करने जैसे कौशल का ज्ञान प्रदान किया जा रहा है, वहीं उन्हें अनुमान लगाने, आंकलन करने, विश्लेषण करने जैसी शिक्षा भी दी जा रही है। परिवार में जोड़कर बनाई गई गतिविधियों में विद्यार्थियों को टीवी व मोबाइल से दूर रखकर अनुभव आधारित सीखने को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गृहकार्य की गतिविधियों में इस बात का भी ध्यान रखा गया कि विद्यार्थियों पर कोई अतिरिक्त खर्च भी न पड़े और मौसम के अनुसार ही शिक्षा संबंधी गतिविधियां करवाई जाएं। कुल 42 में से कम से कम 10 गतिविधियां प्रत्येक विद्यार्थी के लिए अनिवार्य रहेंगी तथा जनवरी माह के तीसरे सप्ताह में पीटीएम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें इन गतिविधियों के मूल्यांकन पर भी चर्चा की जाएगी। गृहकार्य की गतिविधियों में मुख्य रूप से चारों और उगे हुए फूलों की पहचान व उनकी वृद्धि आदि का माप करना, बाजार में उपलब्ध सब्जियों के नाम लिखना, मूंगफली से दाने निकालना व उन्हें गिनना, प्रतिदिन का न्यूनतम और अधिकतम तापमान लिखना, परिवार के सदस्यों के जूते के नंबर पता करना व उसे लिखना, रसोई घर में प्रतिदिन परिवार के सदस्यों के मदद करना तथा उपलब्ध सभी मसालों, अन्य खाद्य पदार्थों को पहचानना एवं उनके नाम लिखना, परिवार के सदस्यों के मोबाइल नंबर याद करना, घर के कमरे एवं आंगन आदि की लंबाई व चौड़ाई को मापना, गणतन्त्र दिवस के उपलक्ष्य में दो देशभक्ति गीत याद करना, कैलेंडर देखकर रविवार और छुट्टियों आदि की गणना करना आदि शामिल किए गए हैं। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुखबीर सिंह तंवर ने कहा कि शिक्षा विभाग इस अनूठी पहल में सभी अध्यापक अपना पूर्ण योगदान दें तथा छुट्टियों के दौरान विद्यार्थियों के संपर्क में रहकर गृहकार्य के दौरान करने वाली गतिविधियों में मार्गदर्शन करें।

## 151 पत्रकारों को मिलेगा 10–10 लाख की मुफ्त दुर्घटना बीमा पॉलिसी

# एमडब्ल्यूबी के 11 जनवरी कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री गुर्जर व परिवहन मंत्री मूलचन्द शर्मा करेंगे कार्यक्रम में शिरकत

*सिटी24न्यूज/रोबिन माथुर*

हथीन। मीडिया वेलबींग एसोसिएशन के तत्वावधान में 11 जनवरी शनिवार को फरीदाबाद में प्रातः 11 बजे एक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें एसोसिएशन 151 पत्रकारों को मुफ्त 10–10 लाख दुर्घटना बीमा पॉलिसी वितरण करेगी तथा संगोष्ठी का भी आयोजन होगा। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर कृष्णपाल गुर्जर (बिजली और भारी उद्योग केंद्रीय राज्य मंत्री) शिरकत करेंगे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता मूलचन्द शर्मा (परिवहन, उच्चतर शिक्षा व खनन मंत्री हरियाणा सरकार) करेंगे। यह जानकारी एसोसिएशन के उत्तर भारत अध्यक्ष चन्द्रशेखर धरणी ने देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम को लेकर एमडब्ल्युबी की कोर कमेटी की बैठक के बाद कई निर्णय लिए गए हैं। चन्द्रशेखर धरणी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में महासचिव सुरेन्द्र मेहता, कोषाध्यक्ष–तरुण कपूर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ज्योति संग, नरेश उप्पल, संजय भूटानी, भुवनेश झंडई, मनु मेहता से परिचर्चा के बाद सलाह मशवरा कर आयोजन समिति का गठन किया गया है। जिसमें जिलाध्यक्ष पलवल–गुरुदत गर्ग, जिलाध्यक्ष नुह–युनिस अल्वी, पी आर विभाग के इंचार्ज सुनील सरदाना, दीपक मिगलानी व पवन चोपड़ा को शामिल किया गया है।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि नयनपाल रावत (विधायक), सीमा त्रिखा (विधायक), मुख्य वक्ता राजीव जेटली (मीडिया एडवायजर सीएम हरियाणा), सुदेश कटारिया (चीफ मीडिया क्वार्डिनेटर, हरियाणा सरकार, चंड.ीगढ़), प्रवीण अत्रेय (मीडिया सेकेट्री हरियाणा



सरकार) व ज्ञानेंद्र भरतरिया, वरिष्ठ पत्रकार, दिल्ली होंगे। इस आयोजन में

चैयरमैन वेलकम कमेटी–ज्योति संग, वरिष्ठ पत्रकार–लेखक–साहित्यकार रहेंगे।

### अनिल विज का चंद्रशेखर धरणी ने जताया आभार

इस मौके पर चंद्रशेखर धरणी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल का पत्रकारों के हितों में लिए गए फैसलों के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पत्रकार वर्ग के बलिदान और योगदान को गहराई से समझते हुए जिस प्रकार से इस समाज के लिए मनोहर सरकार ने कल्याणकारी फैसले लिए, यह वास्तव में पत्रकारों को बेहद लाभान्वित करेंगे। हमेशा वंचित समाज को न्याय और अधिकार दिलवाने में महत्वपूर्ण योगदान देने वाला पत्रकार अपने हितों की लड़ाई कभी नहीं लड़ता। इसी कारण पूर्व के सरकारों में हमेशा पत्रकार अनदेखी का शिकार रहा और पत्रकार वर्ग की आर्थिक असंपन्नता का कारण भी यही है। साथ ही चन्द्रशेखर धरणी ने प्रदेश के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज का भी तहदिल से धन्यवाद करते हुए कहा कि एसोसिएशन गठन के बाद अंबाला में आयोजित संस्था के पहले कार्यक्रम में पत्रकारों के कल्याण में सदैव ततपर रहते हैं। जिससे संस्था का एक बड़ा हौसलावर्धन हुआ था और हर कदम पर पत्रकारों की आवाज को विज ने बुलंद किया है। पत्रकारों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर अनिल विज को हमेशा देखा गया है। जब–जब जो–जो डिमांड संस्था ने सरकार के सामने रखी, एक मजबूत वकील के रूप में विज ने सरकार के सामने संस्था की पैरवी की है। जिसके परिणाम स्वरूप ही पत्रकारों को बहुत जल्द उनके अधिकार मिले हैं।

# इंटर डिस्ट्रिक्ट एथलेटिक गेम्स का आयोजन




फरीदाबाद के सेक्टर–12 खेल परिसर में इंटर डिस्ट्रिक्ट गेम्स अंडर–14 एंव अंडर–16 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसके तहत 60 मीटर, 80 मीटर एवं 600 मीटर रनिंग, लॉन्ग जंप, शॉटपुट, जैवलिन थ्रो जैसे गेम में खिलाडियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। 600 मीटर रनिंग प्रतियोगिता में मानसी ने प्रथम एंव दीक्षा भारद्वाज ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

# पलवल में पुलिस ने दो मकानों से भारी मात्रा में गांजा बरामद किया

*सिटी24न्यूज/ऋषि भारद्वाज*



पलवल। कैंप थाना और सीआईए पलवल पुलिस की टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए न्यू कॉलोनी में स्थित दो मकान से भारी मात्रा में गांजा बरामद किया है। वही पलवल एएसपी जसलीन कौर भी मौके पर भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रही। मुखबिर ने बताया की पलवल शहर में जगह जगह पर किराए के मकानों में की जा रही है अवैध नशा की तस्करी । लेकिन हैरानी की बात है को इतनी भारी मात्रा में पुलिस ने गांजा पकड़ा है क्या इसकी पुलिस को कोई भनक तक नहीं लगी ।

प्रदेश सरकार भले ही हरियाणा को नशा मुक्त हरियाणा बनाने के लाख प्रयास कर रही हो, नशा तस्करों पर लगाम लगाने के लिए यूं तो सरकार द्वारा प्रदेश में पुलिस की कई टीमें नियुक्त की गई है। लेकिन बावजूद इसके पलवल की ट्रैक्टर मार्केट में नशे का कारोबार जोरों पर चल रहा है। यह नशा तस्कर पुलिस से आंख मिचौली कर ट्रैक्टर मार्केट में सरेआम नशे को बेचते हुए नजर आते हैं। नशे के खिलाफ मुहिम चलाने वाले शेखपुरा मोहल्ले के रहने वाले इम्तियाज अली की माने तो यह नशा तस्कर ट्रैक्टर मार्केट में सरेआम गांजा बेचते हैं। जिनके खिलाफ उन्होंने एक मुहिम चलाई हुई है। इम्तियाज अली ने जिला पुलिस पर भी गंभीर आरोप लगाते हुए सवालिया निशान खड़े किए हैं। उनका आरोप है कि पलवल पुलिस की मिलीभगत से ही यह नशा तस्कर पिछले कई सालों से ट्रैक्टर मार्केट में गांजा बेच रहे है। जिनके खिलाफ जब उन्होंने आवाज उठाई। तो गांजा तस्करों द्वारा उन्हें परिवार सहित जान से मारने की धमकी भी दी गई। लेकिन बावजूद इसके उन्हा.ने अपना यह अभियान बदस्तूर जारी रखा और इन नशा तस्क.रों द्वारा उनके व उनके परिवार के साथ मारपीट भी की गई और उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। जिसके लिखित शिकायत देकर उन्होंने शहर थाना पलवल में नशा तस्करों के खिलाफ केस दर्ज करवाया और पलवल एसपी डॉक्टर अंशू सिंगला और एएसपी जसलीन कौर से मिलकर इनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने अपने गुप्त सूत्र से पता भी लगाया कि यह गांजा तस्कर सप्लाई के लिए लाए गए गांजे को कहा छुपाकर रखते हैं। जब उन्हें इस बात का पता लगा कि यह गांजा तस्कर न्यू कॉलोनी स्थित किराए के मकान में गांजे को छुपाकर रखते है और यहीं से गांजे की तस्करी की जाती है तो उन्होंने इसकी सूचना पलवल एसपी, एएसपी और कैंप थाना पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर अपनी छापामार करवाई को अंजाम दिया और मौके से भारी मात्रा में गांजा बरामद किया गया है। जिसके लिए वह पलवल पुलिस का तहे दिल से धन्यवाद करते है।

वही कैंप थाना प्रभारी सत्यनारायण की माने तो जिला पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अंशु सिंह के मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा लगातार नशा तस्करों पर नकेल कसी जा रही है। आज भी मुखबिर खास की सूचना के आधार पर न्यू कॉलोनी स्थित दो मकान से भारी मात्रा में गांजा बरामद किया गया है। जल्द ही गांजा तस्करों को भी गिरफ्तार करके जेल की सलाखों के पीछे भेजने का कार्य किया जाएगा।

# रन–वे लॉ–ऑफ डेंजर, ऑल ड्राईवर कानून को लेकर रोडवेज कर्मचारी करेगें दो घंटे का सांकेतिक धरना–प्रदर्शन

**– चालक–परिचाल एवं लिपिक सहित पूरा स्टाफ रहेगा शामिल**

*सिटी24न्यूज/सुनील दीक्षित*

कनीना। हरियाणा रोडवेज चालक संघ ने सरकार द्वारा लागू किए जा रहे रन–वे लॉ ऑफ डेंजर ऑल ड्राईवर को लेकर आक्रोस जताया है। लोकसभा एवं राज्य सभा में पारित किए जा चुके इस बिल के विरोध में हरियाणा रोडवेज चालक संघ एवं सांझा मोर्चा के आव्हान पर बुधवार 3 जनवरी को सुबह 11 बजे से लेकर दोपहर 2 बजे तक बसों का स्टेयरिंग छोडक़र डिपो में धरना–प्रदर्शन करेगें। इस बारे में हरियाणा रोडवेज चालक संघ के प्रधान संजीव कुमार व राज्य महासचिव एवं सांझा मोर्चा की वरिष्ठ सदस्य देवेंद्र सिंह बिट्टू ने बताया कि सरकार 3 जनवरी को नारनौल के सभी चालक, परिचालक, लिपिक स्टाफ सहित



देवेंद्र सिंह बिट्टू प्रदेश महासचिव चालक संघ एवं सांझा मोर्चा।


तमाम कर्मचारी सांकेतिक धरने में शामिल होगें। उन्होंने कहा कि सरकार इस काले कानून को वापस नहीं लेती तो सांझा मोर्चा के आव्हान पर आदोंलन की राह अपनाई जाएगी। यह मोर्चा लगातार केंद्र ट्रांसपोर्ट फेडरेशन से संपर्क साधे हुए है। कनीना बस स्टैंड पर कार्यरत सभी रो.डवेज कर्मी भी धरने में शामिल होगें। उन्होंने कहा कि सरकार ने चालकों पर जबरन काला कानून थोंपा है जिसके गंभीर परिणाम भुगतने होगें।

# हर व्यक्ति तक पहुंच रही 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' : ज़ाहिद हुसैन

*सिटी24न्यूज/अनिल मोहनियां*

नूंह। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की समाज के अंतिम व्यक्ति को योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ देने की गारंटी के साथ 'विक.सित भारत संकल्प यात्रा जिला के गांव सोख में पहुंची।प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भाजपा हरियाणा एवं सदस्य एमएईएफ अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय

भारत सरकार ज़ाहिद हुसैन ने संकल्प यात्रा का अभिनंदन किया और उपस्थित जन को भारत को विकसित बनाने की संकल्प शपथ दिलाई। ज़ाहिद हुसैन ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा–जनसंवाद पूरे देश में सरकार की प्रमुख योजनाओं की संपूर्ण पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई है जिसका आमजन प्रभावी रूप से लाभ उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समावेशी विकास



की अवधारणा को आगे बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शिक्षा, स्वास्थ्य, कानून–व्यवस्था, महिला सशक्तिकरण, युवाओं के उत्थान और अंत्योदय को हासिल करने के लिए कई अनूठी स्कीम शुरू की हैं और ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। आईटी का बड़े पैमाने पर प्रयोग करके व्यवस्था परिवर्तन का काम किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं तक घर–घर पहुंच सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किया गया यह राष्ट्रव्यापी अभियान एक मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने प्रत्येक नागरिक के कल्याण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता और इन योजनाओं का लाभ जमीनी स्तर तक पहुं.चाने में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के महत्व को रेखांकित किया।

## जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुखबीर सिंह ने संभाला पदभार

नूंह। नवनियुक्त जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुखबीर सिंह ने नववर्ष 1 जनवरी को अपना पदभार संभाल लिया। नवनियुक्त जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी (डीईईओ) सुखबीर सिंह सोमवार सुबह जिला सचिवालय स्थित अपने कार्यालय पहुंचे। जहां स्टाफ सदस्यों ने फूलमालाओं और बुके देकर स्वागत किया। इसके बाद जिला सचिवालय के सभागार में नवनियुक्त जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुखबीर सिंह के आगमन पर सम्मान समारोह किया गया। जहां स्कूलो के मुखियाओं व स्टाफ कर्मचारी मौजूद रहे। नूंह जिले के नवनियुक्त जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुखबीर सिंह तंवर ने अब से पहले पलवल जिले में खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) के पद के अलावा उप जिला शिक्षा अधिकारी सह जिला परियोजना अधिकारी के पद पर अपनी सेवाएं दी।

# एसडी विद्यालय ककराला में शुरू हुआ एनएसएस का सात दिवसीय शिविर



*सिटी24न्यूज/सुनील दीक्षित*

कनीना। एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककराला में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसका सुभारंभ प्रधानाचार्य ओमप्रकाश यादव द्वारा किया गया। उन्होंने स्वयं सेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के लोगो नॉट मी–बट यू के बारे में जानकारी दी। राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई के अधिकारी संदीप कुमार एवं स्वंयसेवको ने विद्यालय प्रागंण की सफाई, पेड़–पौधों की कटिंग कर आमजन को स्वच्छता का संदेश दिया। इस मौके पर विद्यालय के चेयरमैन जगदेव यादव ने एनएसएस के स्वयं सेवकों द्वारा किए गए कार्यों का अवलोकन किया। बेहतरीन कार्य किए जाने पर उनकी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं के विकास तथा सामाजिक कार्यों में उनकी भागीदारी को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वयं सेवकों द्वारा किया गया कार्य समाज को एक नई दिशा देने का काम करता है। उनके द्वारा किए जाने वाला कार्य आमजन के लिए प्रेरणादायी होता है।

# हाईवे पर वाहन चालकों को रोककर यातायात के नियमों के बारे में जानकारी दी

*सिटी24न्यूज/ऋषि भारद्वाज*



पलवल। यातायात थाना पुलिस प्रभारी जगवीर सिंह ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक डॉ अंशु सिंगला निर्देशन में लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए नेशनल हाईवे और लिंक सड़क मार्गो पर अभियान चलाया गया ।

इसी अभियान के तहत शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों को फूल गुलदस्ता देकर यातायात नियमों के पालन करने के निर्देश दिए गए।

इस अभियान के दौरान हेलमेट न पहनने वाले और सीट बैल्ट न पहनने वाले चालको को फुल गुलदस्ता देकर जागरुक किया और साथ ही वाहनों पर गति सीमा नियन्त्रण स्टीगर और रिफ्लेक्टर टेप भी लगाये गये। वाहन चालकों को वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करने, वाहन चलते समय नशीले पदार्थ और बीड़ी, सिगरेट का प्रयोग नहीं करने की सलाह भी दी।

साथ ही नाबालिग बच्चों को टू और फोर व्हीलर गाड़ी ना चलाने सलहा दी गई। चौराहों पर गाड़ी की स्पीड 20 से ऊपर ना रखें के निर्देश दिए गए।

थाना प्रभारी ने कहा कि 75 फीसदी सड़क हादसे चालक की गलती से होते हैं। इसलिए वाहन चलाते समय रोंगटर्न, ओवरस्पिड, रैश ड्राइविंग, सेल फोन ऑन रोड आदि पर कंट्रोल रखें। साथ सीट बेल्ट का उपयोग करें।

उन्होंने कहा कि सड़क हादसों से बचने के लिए मार्ग पर चलते समय यातायात नियमों का सही से पालन करना आपके लिए विशेष ध्यान रखना बेहद जरूरी है।

# प्रदेश के डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला 4 को करेगें अटेली हके के 7 गावों का दौरा

**ग्रामीण दौरे को लेकर जेजेपी कार्यकर्ताओं ने जनसंपर्क शुरू कर दिया है। बागोत में 4 जनवरी को आयोजित होने वाले डिप्टी सीएम के प्रोग्राम को लेकर सभा स्थल को अंतिम रूप दे दिया है।**

**कार्यकर्ताओं ने शुरू किया जनसंपर्क**



*सिटी24न्यूज/सुनील दीक्षित*

कनीना। जेजेपी के युवा अटेली हल्का अध्यक्ष एवं पंचायत समिति कनीना के सद्स्य महीपाल नंबरदार ने बताया कि आगामी 4 जनवरी को प्रदेश के डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला हलके के बागोत सहित कई गावों का दौरा करेगें।

उन्होंने बताया कि दुष्यंत चौ.टाला कांटीखेड़ी ,तुर्कीयावास, दों.गडा जाट, भोजावास, उन्हानी, खेड़ी तलवाना,बागोत के दौरे पर रहेगें इस दौरान वे ग्रामीणों की समस्या सुनेंग।

उनके ग्रामीण दौरे को लेकर जेजेपी कार्यकर्ताओं ने जनसंपर्क शुरू कर दिया है।

बागोत में 4 जनवरी को आयोजित होने वाले डिप्टी सीएम के प्रोग्राम को लेकर सभा स्थल को अंतिम रूप दे दिया है।

जिसका निरीक्षण जेजेपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कंवर सिंह कलवाडी,जेजेपी प्रदेश उपाध्यक्ष अभिमन्यु राव, बेदूराता,महीपाल नम्बरदार, सरपंच राजेंद्र सिंह, जिला पार्षद प्रतिनिधि लीलाराम, सुबेसिंह, डॉ.राजेंद्र, अशोक गुर्जर, बजरंग मित्तल ने किया।

# साल जाते–जाते नई ऊंचाई पर शेयर मार्केट दिसंबर की सर्दी में दलाल स्ट्रीट में क्यों आ रही गर्मी?

**सिटी 24 न्यूज**

शेयर बाजार में तेजी का सिलसिला जारी है। सेंसेक्स और निफ्टी50 नए शिखर पर पहुंच गए हैं। जेएसडब्ल्यू स्टील, एनटीपीसी और पावर ग्रिड के शेयरों में एक परसेंट से अधिक तेजी आई है।

घरेलू शेयर बाजार में तेजी का सिलसिला जारी है और आज बाजार खुलते ही यह नए रेकॉर्ड पर पहुंच गया। माना जा रहा है कि अमेरिका का सेंट्रल बैंक अगले साल मार्च से ब्याज दरों में कटौती शुरू कर सकता है। इससे दुनियाभर के शेयर बाजारों में तेजी आई है। भारतीय बाजार में भी इसका असर दिख रहा है रियल्टी को छोड़कर बाकी सभी सेक्टर्स में तेजी आई है। सुबह 9.50 बजे बीएसई सेंसेक्स 337 अंक यानी 0.46 परसेंट की तेजी के साथ 72,370 अंक पर पहुंच गया। निफ्टी50 भी 94 अंक यानी 0.44 परसेंट की तेजी के साथ



21,749 अंक पर है। इस महीने सेंसेक्स और निफ्टी में आठ परसेंट से अधिक तेजी आई है। यह जुलाई 2022 के बाद सबसे ज्यादा मासिक तेजी है।

सेंसेक्स के शेयरों में जेएसडब्ल्यू स्टील, एनटीपीसी और पावर ग्रिड के शेयरों में एक परसेंट से अधिक तेजी आई है। इसी तरह विप्रो, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फिनसर्व, एसबीआई और टाटा स्टील के शेयरों में भी तेजी आई है। दूसरी ओर अल्ट्राटेक सीमेंट, इन्फोसिस, एशियन पेंट्स और टेक महिंद्रा में शुरुआती ट्रेड में गिरावट दिख रही है। इंडिविजुअल स्टॉक्स की बात करें तो कैनरा बैंक में तीन फीसदी तेजी आई है। साउथ इंडियन बैंक में भी तीन फीसदी तेजी आई है।

**सेक्टोरल इंडेक्स**

सेक्टोरल फ्रंट की बात करें तो निफ्टी पीएसयू बैंक में 1.2 परसेंट और निफ्टी मेटल में 0.65 परसेंट की तेजी आई है। निफ्टी ऑटो, एफएमसीजी, आईटी, फार्मा और ऑयल एंड गैस भी तेजी के साथ खुले। ब्रॉडर मार्केट की बात करें तो निफ्टी मिडकैप 100 में 0.24 फीसदी और निफ्टी स्मॉलकैप 100 में 0.50 फीसदी तेजी आई है। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 2,926.05 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। अमेरिकी बाजार बुधवार को सकारात्मक रुख के साथ बंद हुए थे। वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 0.13 प्रतिशत की बढ़त के साथ 79.75 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

# कभी दोस्त के साथ मिलकर बेचा करते थे पेन, आज 300 करोड़ की कंपनी के हैं मालिक

**सिटी 24 न्यूज**

गुरुग्राम के रहने वाले जतिन आहूजा ने काफी छोटी उम्र से ही मुनाफा कमाना सीख लिया था। जब वह छठी क्लास में थे तभी उन्हें खुद की कार कंपनी खोलने का आइडिया आया था। जतिन ने बिजनेस की शुरुआत करने के लिए अपने पिता से 70 हजार रुपये उधार लिए थे।

अगर जिंदगी में कुछ पाने के लिए कड़ी मेहनत की जाए तो किस्मत बदलते देर नहीं लगती है। ऐसा कोई काम नहीं है जो नामुमकिन हो। मेहनत और संघर्ष से बड़ी से बड़ी सफलता हासिल की जा सकती है। ऐसा ही कुछ कर दिखाया है बिग बॉय टॉयज (Big boy Toyz) कंपनी के फाउंडर जतिन आहूजा ने। एक समय ऐसा भी था जब जतिन तीन रुपये का पेन बेचा करते थे। लेकिन आज वह करोड़ों की कंपनी के मालिक हैं। जतिन के पास



बीएमडब्लू (BMW), रेंज रोवर, लैंबोर्गिनी जैसी कई लग्जरी गाड़ियों की लाइनें लगी हुई है। आईए आपको बताते हैं उन्होंने जिंदगी में इतनी बड़ी सफलता कैसे हासिल की।

**छोटी उम्र से सीखा मुनाफा कमाना**

जतिन ने छोटी उम्र से ही मुनाफा कमाना सीख लिया था। जतिन के पिता चार्टर्ड अकाउंटेंट थे। जतिन बचपन से ही दूसरे बच्चों से अलग थे। जतिन को बचपन से ही कार का बहुत अधिक शौक था। जतिन की आयु जब 10 वर्ष की थी। उस समय उन्होनें अपने दोस्तों के साथ पेन बेचकर मुनाफा कमाया था। जतिन गुरुग्राम में रहने वाले हैं। जतिन आहूजा ने मैकेनिकल इंजीनियरिंग की डिग्री प्राप्त की जिसके बाद उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से एमबीए किया। जतिन 23 साल की उम्र में ही बिग बॉय टॉयज के मालिक बन गये थे। बिग बॉय टॉयज के कई सारी जगह शोरूम है जैसे मुंबई, हैदराबाद, दिल्ली, गुरुग्राम हैं। जो बिग बॉयज टॉयज ब्रांड है यह यूज्ड कार होती है उसको लक्जरी कार में बदलती हैं।

**ऐसे हुई बिजनेस की शुरुआत**

जतिन जब छठी क्लास में थे तभी उनके दिमाग में खुद की कार कंपनी खोलने का आइडिया आया था। इसके बाद जतिन ने अपने सपनों का पीछा करते हुए सचिन ने 17 साल की उम्र में ही बिज़नेस वेंचर खड़ा कर दिया। जतिन की जिंदगी में बड़ा मोड़ 17 साल की उम्र में आया उन्होंने मर्सिडीज एस क्लास को खरीदा। उन्होंने उस कार को रिफर्बिश्ड किया और एक अच्छे प्रोफिट पर उसे बेच दिया।

# कर्मचारी को बचाने के लिए खुद प्लेन उड़ाने को तैयार हो गए थे रतन टाटा, यूं हीं नहीं उठती भारत रत्न देने की मांग

**सिटी 24 न्यूज**

आज टाटा संस के पूर्व चेयरमैन रतन टाटा का जन्मदिन है। टाटा ऐसे उद्योगपति हैं जिन्हें हमेशा अपने कर्मचारियों के साथ हमेशा खड़े रहने के लिए जाना जाता है। कोरोना काल में जब कंपनियां अपने कर्मचारियों की छंटनी कर रही थी तो रतन टाटा ने इसका विरोध किया था।

आज देश के सबसे बड़े औद्योगिक घराने टाटा ग्रुप के पूर्व चेयरमैन रतन टाटा का जन्मदिन है। 28 दिसंबर 1937 को जन्मे रतन टाटा साल 1991 से 2012 तक टाटा ग्रुप के चेयरमैन रहे। इस दौरान उन्होंने टाटा ग्रुप को बुलंदियों पर पहुंचाया। रतन टाटा सिर्फ एक अच्छे उद्योगपति ही नहीं हैं, वे एक अच्छे इंसान भी हैं। वह अपने साथ काम करने वाले लोगों का काफी ख्याल रखते हैं। वह हमेशा अपने कर्मचारियों के साथ हमेशा खड़े रहने के लिए जाने जाते हैं। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि उस कर्मचारी की कंपनी में क्या रैंक है। कोरोना काल में जब कंपनियां बड़े पैमाने पर कर्मचारियों की छंटनी कर रही थी तो रतन टाटा ने इसका विरोध करते हुए इसे नैतिकता के खिलाफ बताया था।

रतन टाटा एक बार कर्मचारी की जान बचाने के लिए खुद विमान उड़ाने को तैयार हो गए थे। यह वाकया अगस्त 2004 का है। पुणे में टाटा मोटर्स के एमडी प्रकाश एम तेलंग की तबीयत अचानक खराब हो गई और डॉक्टरों ने उन्हें तुरंत मुंबई ले जाने की सलाह दी। रविवार का दिन था और डॉक्टर एयर एंबुलेंस का जुगाड़ नहीं कर पा रहे थे। जब इस बारे में रतन टाटा को बताया गया तो वह कंपनी का प्लेन उड़ाने के लिए तैयार हो गए। टाटा के पास पायलट का लाइसेंस है। लेकिन इस बीच एयर एंबुलेंस का प्रबंध हो गया और प्रकाश को मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल ले जाया गया। वहां उनका सफल इलाज हुआ। प्रकाश करीब 50 साल तक टाटा मोटर्स में रहने के बाद 2012 में रिटायर हुए।

**ट्रेंड पायलट**

रतन टाटा एक ट्रेंड पायलट हैं और उनके पास विमान उड़ाने का लाइसेंस है। उनके पास एक दसॉ फाल्कन 2000 प्राइवेट जेट भी है,



जिसकी कीमत करीब 150 करोड़ रुपये बताई जाती है। कुछ साल पहले उनकी एक तस्वीर सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुई थी जिसमें वह एक फाइटर विमान की कॉकपिट में नजर आ रहे थे। यह तस्वीर 2011 की थी जब रतन टाटा ने बेंगलुरु एयरशो में बोइंग के F-18 सुपर हॉर्नेट विमान में उड़ान भरी थी। इसे उन्होंने 28 फरवरी, 2019 को अपने 82वें जन्मदिन के मौके पर इंस्टाग्राम पर शेयर किया था।

रतन टाटा ने साल 2007 में अमेरिकी लड़ाकू विमान स्न–16 में उड़ान भरी थी। तब वह 69 साल की उम्र में अमेरिकी विमान उड़ाने वाले सबसे बुजुर्ग भारतीय नागरिक थे। रतन टाटा को विमान उड़ाने का शौक विरासत से ही मिला है। उनके गुरु जेआरडी टाटा देश के पहले लाइसेंसधारक पायलट थे। जेआरडी टाटा ने पहली बार कराची से बंबई तक हवाई जहाज उड़ाया था। उन्होंने ही टाटा एयरलाइन्स की शुरुआत की थी। बाद में इसका नाम एयर इंडिया हो गया था और इसका राष्ट्रीयकरण कर दिया गया था। हाल में एयर इंडिया की टाटा ग्रुप में घर वापसी हुई है।

**छंटनी का विरोध**

कोरोना काल में जब कंपनियां बड़े पैमाने पर छंटनी कर रही थीं तो रतन टाटा ने इसका जमकर विरोध किया था। उन्होंने कहा था कि कोरोना के मुश्किल दौर में लोगों के प्रति कंपनियों की जिम्मेदारी बनती है। जिन्होंने आपके लिए काम किया, आपने उन्हें ही छोड़ दिया। उद्यमियों और कंपनियों के लिए लंबे समय तक काम करने और अच्छा प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों के प्रति संवेदनशीलता जरूरी है। महामारी के दौर में आप अपने कर्मचारियों के साथ ऐसा बर्ताव करते हैं, क्या यही आपकी नैतिकता है?'

**भारत रत्न देने की मांग**

रतन टाटा देश के एकमात्र उद्योगपति हैं जिन्हें कई बार देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न देने की मांग हो चुकी है। पिछले साल की शुरुआत में उन्हें भारत रत्न देने की मांग को लेकर ट्विटर पर BharatRatnaForRatanTata हैशटैग के साथ एक अभियान चलाया गया था। हालांकि तब रतन टाटा ने लोगों से इस कैंपेन को बंद करने की मांग करते हुए कहा था कि वह एक भारतीय होने पर खुद को भाग्यशाली मानते हैं। रतन टाटा को साल 2000 में पद्म भूषण और 2008 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था।

# आज जेके पेपर और हिंडाल्को में है बंपर कमाई का मौका, इस वजह से आ सकती है तेजी

**सिटी 24 न्यूज**

शेयर बाजार में कल तेजी देखने को मिली थी। इस दौरान बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 72,000 अंक के ऐतिहासिक स्तर को पार कर गया था। निफ्टी भी 21,654.75 के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर बंद हुआ था। इस दौरान कई शेयरों में बंपर उछाल देखने को मिला था।

शेयर बाजार में कल तेजी देखने को मिली थी। इस दौरार सेंसेक्स और निफ्टी बुधवार को छलांग लगाते हुए अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गए थे। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 72,000 अंक के ऐतिहासिक स्तर को पार कर गया था। इसी तरह एनएसई का सूचकांक निफ्टी भी 21,654.75 के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर बंद हुआ था। सेंसेक्स ने लगातार चौथे कारोबारी सत्र में तेजी दिखाई और यह 701.63 अंक यानी 0.98 प्रतिशत उछलकर 72,038.43 के अपने अब तक के सबसे उच्चस्तर पर बंद हुआ था। दिन में कारोबार के दौरान एक समय यह 783.05 अंक की बढ़त के साथ 72,119.85 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचा था।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी 213.40 अंक यानी एक प्रतिशत चढ़कर 21,654.75 की रिकॉर्ड ऊंचाई पर बंद हुआ था। दिन में कारोबार के दौरान निफ्टी 234.4 अंक बढ़कर 21,675.75 के अपने सर्वकालिक शिखर पर पहुंच गया था।सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में अल्ट्राटेक सीमेंट, जेएसडब्ल्यू स्टील, टाटा मोटर्स, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक, लार्सन एंड टुब्रो, इन्फोसिस और बजाज फिनसर्व प्रमुख रूप से बढ़त दर्ज करने में सफल रहीं थीं। दूसरी तरफ एनटीपीसी और टेक महिंद्रा के शेयरों में गिरावट का रुख देखा गया था।

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग लाभ के साथ बंद हुए थे। पिछले कारोबारी सत्र में सेंसेक्स 229.84 अंक चढ़कर 71,336.80 अंक पर बंद हुआ था, जबकि निफ्टी 91.95 अंक की बढ़त के साथ 21,441.35 अंक पर रहा था। आइए जानते हैं कि आज कौन–से शेयर ट्रेंड में रह सकते हैं।



मोमेंटम इंडिकेटर मूविंग एवरेज कन्वर्जेंस डिवर्जेंस (MACD) ने JK Paper, Bombay Burmah, Gland Pharma, Kalyan Jewellers, Grindwell Norton और Laxmi Organic Industries पर तेजी का रुख दिखाया है।

एमएसीडी को ट्रेडेड सिक्योरिटीज या इंडेक्स में ट्रेंड रिवर्सल के संकेत के लिए जाना जाता है। जब एमएसीडी सिग्नल लाइन को पार करता है, तो यह एक तेजी का संकेत देता है। यह दर्शाता है कि शेयर की कीमत में ऊपर की ओर गति देखी जा सकती है। इसी तरह यह मंदी का भी संकेत देता है।

**इन स्टॉक्स में मंदी के संकेत**

एमएसीडी ने Sharda Cropchem, Sundaram Finance, Piramal Enterprises, Bajaj Finance, IOB और Oracle Financial Services के शेयर में मंदी का संकेत दिया है। इसका मतलब है कि अब इन शेयरों में गिरावट शुरू हो गई है।

# नए साल में बढ़ेगा पीपीएफ पर ब्याज! मार्च 2020 से नहीं हुआ बदलाव, जानिए क्या कहते हैं एक्सपर्ट्स

**सिटी 24 न्यूज**

पीपीएफ पर ब्याज दरों में मार्च 2020 से कोई बदलाव नहीं हुआ है। अगले साल देश में आम चुनाव होने हैं। इसे देखते हुए सरकार पीपीएफ पर ब्याज दर में बढ़ोतरी की घोषणा कर सकती है।

पब्लिक प्रॉविडेंट फंड यानी PPF पर ब्याज दरों में अप्रैल, 2020 से कोई बदलाव नहीं हुआ है। इसकी सुई 7.1% पर ही अटकी हुई है। इस दौरान सीनियर सिटीजन्स सेविंग्स स्कीम, नेशनल सेविंग्स सर्टिफिकेट और सुकन्या समृद्धि योजना जैसे दूसरी छोटी बचत योजनाओं के लिए ब्याज दर में तेजी आई है। इन्हें पोस्ट ऑफिस सेविंग्स स्कीम्स भी कहा जाता है। इनकी ब्याज दरों में हर तिमाही बदलाव किया जाता है।




इस महीने के अंत में इनका रिवीजन होना है। क्या इस बार पीपीएफ की ब्याज दर में बदलाव होगा? इस साल अप्रैल में देश में आम चुनाव भी होने हैं। इसे देखते हुए सरकार पीपीएफ के निवेशकों को सरप्राइज दे सकती है।

छोटी बचत योजनाओं की ब्याज दर सेकंडरी मार्केट में 10 साल के मैच्योरिटी पीरियड वाले बॉन्ड्स पर मिलने वाले यील्ड पर निर्भर होती है। सरकार पिछले तीन महीने के औसत यील्ड के हिसाब से स्मॉल सेविंग्स स्कीम्स की ब्याज दर तय करती है। श्यामला गोपीनाथ कमेटी की सिफारिशों के मुताबिक ऐसा किया जाता है। फाइनेंस मिनिस्ट्री ने 2016 में यह फॉर्म्यूला नोटिफाई किया था। इसके मुताबिक पीपीएफ की ब्याज दर पिछले तीन महीने के बेंचमार्क यील्ड से 25 बेसिस अंक अधिक होता है। सितंबर से अक्टूबर, 2023 के दौरान बेंचमार्क 10 ईयर बॉन्ड यील्ड 7.28% रहा है। इस हिसाब से देखा जाए तो जनवरी–मार्च तिमाही में पीपीएफ की ब्याज दर करीब 7.53% होनी चाहिए। लेकिन केंद्र सरकार ने पिछली तिमाहियों के दौरान इस फॉर्म्यूले के आधार पर पीपीएफ का ब्याज नहीं बढ़ाया है।

**चुनावी साल में सरप्राइज**

Fisdom के हेड ऑफ रिसर्च नीरव आर करकेरा का कहना है कि पिछली कुछ तिमाहियों में पीपीएफ की ब्याज दर में कोई बदलाव नहीं किया गया है। बाकी छोटी बचत योजनाओं का ब्याज फॉर्म्यूले के मुताबिक है। इसलिए पीपीएफ के लिए ब्याज में बढ़ोतरी होनी चाहिए। लेकिन SahajMoney.com के फाउंडर अभिषेक कुमार का कहना है कि जनवरी–मार्च तिमाही में पीपीएफ पर ब्याज में बढ़ोतरी की संभावना नहीं के बराबर है। हालांकि अगले साल होने वाले आम चुनावों को देखते हुए सरकार सरप्राइज दे सकती है। पीपीएफ पर जनवरी–मार्च तिमाही में ब्याज दर में 25 बेसिस पॉइंट का इजाफा किया जा सकता है। देश में अप्रैल में आम चुनाव होने हैं।

# एलन मस्क को नए साल में लगेगा जोर का झटका! चीन की कंपनी पटखनी देने की तैयारी में

**सिटी 24 न्यूज**

एलन मस्क की कंपनी टेस्ला अभी दुनिया की सबसे पॉपुलर ईवी कंपनी है। लेकिन जल्दी ही उससे यह तमगा छिन सकता है। चीन की कंपनी बीवाईडी इसी तिमाही उससे आगे निकल सकती है। टेस्ला के मुकाबले इस चीनी कंपनी की कारें काफी सस्ती हैं।

दुनिया के सबसे बड़े रईस एलन मस्क को जोर का झटका लगना वाला है। इलेक्ट्रिक कारों के बाजार में उनकी कंपनी टेस्ला की बादशाहत खतरे में है। चीन की कंपनी बीवाईडी नए साल में टेस्ला की कुर्सी छीन सकती है। टेस्ला दुनिया में सबसे ज्यादा इलेक्ट्रिक कार बनाने वाली कंपनी है। पिछले कुछ साल में चीन की कंपनियों ने ईवी मार्केट में तेजी से कदम बढ़ाए हैं। कारों के एक्सपोर्ट में अमेरिका, साउथ कोरिया और जर्मनी को पछाड़ने के बाद चीन अब जापान से आगे निकलने के करीब पहुंच गया है। चीन ने इस साल अक्टूबर तक 36 लाख गाड़ियों का निर्यात किया है जिनमें से 13 लाख ईवी थीं। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के मुताबिक चीन के शेनजेन के हेज फंड Snow Bull Capital के चाइना ऑपरेशन के चीफ ब्रिजेट मैककार्थी ने कहा कि ऑटो इंडस्ट्री का कंप्टीटिव लैंडस्केप बदल चुका है। अब यह साइज और लीगेसी का मामला नहीं रह गया है। अब यह इस बात पर निर्भर करता है कि आप कितनी जल्दी इनोवेट करते हैं। बीवाईडी ने बहुत पहले ही इसकी तैयारी कर ली थी और अब दूसरी कंपनियों को उसे पकड़ने के लिए रेस लगानी होगी। टेस्ला के मुकाबले बीवाईडी की कारों की कीमत काफी कम है।

**भारत में बिजनस**

मस्क का कहना है कि भारी ब्याज दर के कारण ईवी को खरीदने की हैसियत कम ही लोगों के पास है। लेकिन बीवाईडी के फाउंडर वांग चानफू ने कहा कि इस राय से इत्तेफाक नहीं रखते हैं। वीबाईडी की करीब आधा दर्जन कारों की कीमत



चीन में टेस्ला की सबसे सस्ती कार मॉडल 3 सेडान से कहीं कम है। टेस्ला ने अब तक भारत में अपना बिजनस शुरू नहीं किया है। कंपनी ने केंद्र सरकार से कारों के आयात पर टैक्स कम करने की मांग की थी लेकिन सरकार ने इसे नहीं माना। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक टेस्ला सरकार के साथ एक डील फाइनल करने के काफी करीब पहुंच चुकी है। अगर सब कुछ ठीक रहा तो अगले एक साल के अंदर भारत की सड़कों पर टेस्ला की कारें दौड़ती हुई नजर आएंगी।

# जब धीरुभाई अंबानी ने दलालों को दी थी पटखनी, तीन दिन तक बंद रहा था शेयर मार्केट

**सिटी 24 न्यूज**

देश की सबसे मूल्यवान कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के संस्थापक धीरूभाई अंबानी की आज जयंती है। उन्होंने छोटी सी पूंजी के साथ कारोबार की दुनिया में कदम रखा और फिर सफलता की सीढ़ियां चढ़ते गए।

देश की सबसे वैल्यूएबल कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के फाउंडर धीरूभाई अंबानी की जयंती है। 28 दिसंबर 1932 को जन्मे धीरूभाई अंबानी ने जब बिजनस की दुनिया में कदम रखा तो न उनके पास न तो पुश्तैनी संपत्ति थी और न ही बैंक बैलेंस। लेकिन लाइसेंस राज के दौर में अपनी कड़ी मेहनत और लगन के दम पर ऐसा मुकाम हासिल किया जिसकी मिसाल कम ही देखने को मिलती है। रिलायंस इंडस्ट्रीज आज देश की सबसे मूल्यवान कंपनी है। इसका साम्राज्य पेट्रोकेमिकल से लेकर टेलिकॉम, रिटेल, ग्रीन एनर्जी और कई दूसरे सेक्टर्स में फैला है।

धीरूभाई का जन्म 28 दिसंबर 1932 को और मृत्यु 6 जुलाई 2002 को हुई। वह गुजरात के एक छोटे से गांव चोरवाड में स्कूल टीचर हीराचंद गोवरधनदास अंबानी के तीसरे बेटे थे। धीरूभाई का परिवार आर्थिक रूप से कमजोर था, इसलिए उन्होंने बचपन से ही परिवार की आर्थिक मदद शुरू कर दी थी। धीरूभाई केवल हाईस्कूल तक की पढ़ाई पूरी कर पाए और इसके बाद उन्होंने छोटे–मोटे काम करना शुरू कर दिया। वह गिरनार की पहाड़ियों के पास पकौड़े बेचा करते थे। धीरूभाई 16 साल की उम्र में नौकरी के लिए यमन चले गए। वहां उन्होंने एक पेट्रोल पंप पर नौकरी की। उनके काम को देखते हुए कंपनी ने उन्हें फिलिंग स्टेशन में मैनेजर बना दिया। लेकिन कुछ साल नौकरी करने के बाद धीरूभाई साल 1954 में भारत आ गए।

**कैसे हुई थी शुरुआत**

धीरूभाई ने देश की आर्थिक राजधानी मुंबई से अपनी कारोबारी यात्रा शुरू की। 1958 में उन्होंने 15 हजार रुपये की पूंजी के साथ रिलायंस कमर्शियल कॉरपोरेशन नाम से ऑफिस खोला और खुद को एक मसाला व्यापारी के रूप में लॉन्च किया। उनके ऑफिस में एक मेज, दो कुर्सियां, एक राइटिंग पैड, एक पेन, एक इंकपॉट, पीने के पानी के लिए एक घड़ा और कुछ गिलास थे। उनके ऑफिस में कोई फोन नहीं था, लेकिन वह अपने पास के एक डॉक्टर को पैसा देकर उसके फोन का इस्तेमाल करते थे। पहले दिन से ही धीरूभाई ने मुंबई थोक मसाला बाजार में घूमना शुरू कर दिया था और तत्काल डाउन पेमेंट की शर्त पर थोक खरीद के लिए विभिन्न उत्पादों की कोटेशन इकट्ठा किए।

कुछ समय बाद उन्हें लगा कि मसालों की बजाय अगर सूत का व्यापार करें, तो अधिक फायदा होगा। उन्होंने नरोदा में कपड़ा मिल शुरू की। यहां से उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। धीरूभाई ने विमल ब्रांड की शुरुआत की जो कि उनके बड़े भाई रमणिकलाल अंबानी के बेटे विमल अंबानी के नाम पर रखा गया था।

1977 में वह कंपनी का आईपीओ लाए और 58,000 से ज्यादा निवेशकों ने इसमें हिस्सा लिया। स्टॉक मार्केट में दलालों ने उन्हें काफी परेशान करने की कोशिश की, लेकिन धीरूभाई अंबानी ने ऐसा दाव चला कि उनकी वजह से स्टॉक मार्केट तीन दिन तक बंद रहा।